दैनिक

पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 333

ग्वालियर, मंगलवार 23 अगस्त 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

दिल्ली में 4 लाख बच्चे प्राइवेट स्कूल छोड़कर सरकारी स्कूल में आ गए : मनीष सिसोदिया

अहमदाबाद। गुजरात के हिम्मतनगर में सभा को संबोधित करते हुए दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति चाहता है कि मेरे बच्चे अच्छे स्कूल में पढ़ें, उसे अच्छी शिक्षा मिले। दिल्ली में हमारी सरकार ने स्कूलों को इतना शानदार कर दिया है कि 4 लाख बच्चे प्राइवेट स्कूल छोड़कर सरकारी स्कूल में आ गए हैं।

दिल्ली के शिक्षा मंत्री ने कहा कि पहले सरकारी स्कूलों के रिजल्ट 80 प्रतिशत आते थे और 40त्न पर पास होते थे। अब रिजल्ट 100त्न आता है और बच्चे 90त्न अंक लाते हैं। उन्होंने कहा कि गुजरात में भाजपा 27 साल से सरकार चला रही है, लेकिन यहां के स्कूल की हालत बंद पड़े गोदाम की तरह है। 5-5 क्लास के बच्चों को एक शिक्षक के भरोसे छोड़ा हुआ है। सिसोदिया ने कहा कि आज मैं अरविंद केजरीवाल जी की तरफ से शिक्षा गारंटी देना चाहता हूं। यहां आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी तो प्राइवेट स्कूलों से बेहतर सरकारी स्कूलों का इंफ्रास्ट्रक्चर ना कर दूं तो बताइएगा।

दिल्ली के स्कूलों को भी पहले टेंट का स्कूल कहते थे, आज स्विमिंग पूल वाला स्कूल कहते हैं। उन्होंने कहा कि गुजरात के टीचर बहुत शानदार हैं, सरकार खराब है। टीचर्स की कितनी भी ट्रेनिंग करानी पड़े सब कराएंगे। जब मैं दिल्ली के टीचर्स को आईआईएम अहमदाबाद में ट्रेनिंग के लिए भेज सकता हूं, तो गुजरात के टीचर्स को क्यों नहीं भेजना चाहिए। बच्चे ट्रेनिंग करके बैठे हुए हैं, डिग्री लेकर बैठे हैं लेकिन टीईटी के एग्जाम नहीं होते। हम कोई पद खाली नहीं छोड़ेंगे, समय-समय पर टीईटी के पेपर कराएंगे। मनीष सिसोदिया ने कहा कि लड़ाई आसान नहीं है, अभी 2 दिन पहले मेरे घर में बिन बुलाए मेहमान आए थे। मैं डरता नहीं हूं मैं अरविंद केजरीवाल का सिपाही हूं। काम करने की राजनीति अरविंद केजरीवाल के साथ पसीना बहाकर सीखी है। जब सीबीआई मेरे घर पहुंची तो मुझे डर नहीं लगा, लेकिन दिल दुखा, अगर कोई आकर यह कहे कि हटो सामने से आपके कपड़ों की अलमारी, बीबी के कपड़ों की अलमारी खोलकर देखना चाहते हैं। लेकिन मन मजबूत है। केंद्र में बैठे निजाम को डर लगता है अरविंद केजरीवाल से, इसलिए चादर तकिया, कम्बल, रजाई देख रहे हो कि सोना तो नहीं छुपा रखा। मेरा भगवान जानता है कि हम ईमानदार लोग हैं।

युवा अपने को जगह, प्रोजेक्ट के साथ मत जोड़िये बल्कि एक मिशन और एक मकसद से जोड़िए : मस्क

टेक्सास। सफलता को लेकर टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने युवाओं को बड़ी सलाह दी है। युवाओं के लिए उनकी ऐसी एक सलाह को आरपीजी एंटरप्राइजेज के चेयरमैन हर्ष गोयनका ने ट्विटर पर शेयर किया है। एलन मस्क ने कहा था, खुद को किसी इंसान, जगह, ऑर्गनाइजेशन या प्रोजेक्ट के साथ मत जोड़िये बल्कि एक मिशन और एक मकसद से जोड़िये। यही तरीका है जिससे आप अपनी ताकत और शांति को बचा सकते हैं। एलन मस्क अक्सर इस तरह की सलाह आम लोगों को देते रहते हैं। उनकी बहन टोस्का भी अपने भाई के परामर्श के लिए उनकी सराहना करती हैं। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया था कि मस्क उनसे कहते हैं, तुम्हें उन लोगों का ध्यान रखना चाहिए जो तुम्हारी कंपनी में निवेश करते हैं क्योंकि तुम उनसे पूरी उम्र के लिए बंध गई हो। मस्क ने पिछले एक पॉडकास्ट में कहा था कि युवाओं को केवल इसलिए किसी करियर को नहीं चुनना चाहिए कि उससे वे फेमस हो जाएंगे।

ममता ने दुर्गा पूजा आयोजन समितियों को मिलने वाला अनुदान 50 से बढ़ाकर 60 हजार रुपये किया

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य में दुर्गा पूजा आयोजन समितियों को मिलने वाला अनुदान 50 हजार रुपये से बढ़ाकर 60 हजार रुपये करने की घोषणा की है। वहीं पूजा समितियों को दिए जाने वाले बिजली शुल्क पर रियायत को भी मौजूदा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के सभी कार्यालय 30 सितंबर से 10 अक्टूबर तक बंद रहेंगे। ममता बनर्जी ने ये घोषणाएं कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में दुर्गा पूजा आयोजन समिति के सदस्यों के साथ बैठक के दौरान की। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि कोलकाता की दुर्गा पूजा को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल करने के लिए यूनेस्को को धन्यवाद देने के लिए एक सितंबर को कोलकाता में एक विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा। कोलकाता की दुर्गा पूजा एशिया का पहला त्योहार है, जिसे यूनेस्को से यह मान्यता मिली है। ममता बनर्जी के मुताबिक, मेगा रैली 1 सितंबर को दोपहर 2 बजे उत्तरी कोलकाता के जोरासांको ठाकुरबाड़ी (रवींद्र नाथ टैगोर की जन्मस्थली) से शुरू होगी और रानी रसमनी एवेन्यू से होते हुए मध्य कोलकाता में धर्मतला पहुंचेगी।

मुख्यमंत्री धामी ने मध्य क्षेत्रीय परिषद की 23वीं बैठक में किया प्रतिभाग

- केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक
- सीएम ने केन्द्र से उत्तराखण्ड से सम्बंधित विभिन्न मुद्दों को ध्यान में रखे जाने का किया अनुरोध

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में भोपाल में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद की 23वीं बैठक में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने केंद्र के सहयोग से पर्वतीय क्षेत्र में प्राकृतिक जल स्रोतों के पुनर्जीवीकरण हेतु एक विशेष अभियान प्रारम्भ किये जाने और राज्यों के मध्य संसाधनों के आवंटन में इको सिस्टम सेवाओं को महत्ता दिये जाने और केन्द्र सरकार द्वारा वित्तीय संसाधनों के आवंटन में फ्लोटिंग पॉपुलेशन को ध्यान में रखे जाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड में एक सशक्त वेदर फोरकास्टिंग सिस्टम, डॉप्लर रडार से युक्त अवस्थापना तंत्र के लिये सहयोग किये जाने का भी अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने मध्य क्षेत्रीय परिषद की आगामी बैठक देवभूमि उत्तराखण्ड में आयोजित करने का भी अनुरोध किया। मुख्यमंत्री धामी ने राज्य के विकास में मिल रहे केंद्र सरकार के सहयोग के लिये आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल मार्गदर्शन में श्री केदारपुरी का पुनर्निर्माण, पावन बद्रीनाथ धाम का मास्टर प्लान एवं ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर गतिमान है। राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में राज्य सरकार आगे बढ़ रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र पोषित योजनाओं के निर्धारण में राज्य की दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए वन स्किम फिट ऑल के स्थान पर राज्य के अनुकूल टेलर मेड स्कीम तैयार करने पर भारत सरकार द्वारा विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। पर्यटन, हॉर्टिकल्चर तथा सगंध पौध आधारित केन्द्रीय योजनाओं से राज्य को लाभ होगा।

मुख्यमंत्री ने बरसाती नदियों को वैज्ञानिक आधार से ग्लेशियर आधारित नदियों से जोड़े जाने का सुझाव देते हुए कहा कि इसका लाभ उत्तराखण्ड राज्य को ही नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र को होगा। मुख्यमंत्री ने भारत सरकार के सहयोग से पर्वतीय क्षेत्र में प्राकृतिक जल स्रोतों के पुनर्जीवीकरण हेतु एक विशेष अभियान को भी प्रारम्भ किये जाने का सुझाव दिया। उन्होंने उत्तराखण्ड की बाधित जल विद्युत परियोजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन हेतु भारत सरकार से सहयोग का भी अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य अपने वनों, बुग्यालों, ग्लेशियरों का संरक्षण करके राष्ट्र को महत्वपूर्ण इको सिस्टम सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। भोपाल के ही प्रतिष्ठित भारतीय वन प्रबन्धन संस्थान के एक अध्ययन के अनुसार इन पारिस्थितिकी सेवाओं का वार्षिक मूल्य न्यूनतम रू. 95,000 करोड़ आंका गया है।

शीर्ष कोर्ट से शाहनवाज हुसैन को राहत, दुष्कर्म केस में एफआईआर के आदेश पर लगाई रोक

नई दिल्ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता शाहनवाज हुसैन को दुष्कर्म मामले में सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। शीर्ष कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी है, जिसमें उसने आदेश दिया था कि शाहनवाज हुसैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। उच्च न्यायालय ने दिल्ली पुलिस को इस मामले में तीन महीने में जांच रिपोर्ट सौंपने को भी कहा था। हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ शाहनवाज हुसैन ने उच्चतम न्यायालय का रुख किया था और कहा था कि इससे उनकी छवि खराब होगी। जस्टिस यू यू ललित की बेंच ने इस मामले में दिल्ली सरकार समेत सभी पक्षों को नोटिस भी जारी किए हैं और इस मसले पर उनका जवाब मांगा है। फिलहाल अदालत ने इस मामले की सुनवाई सितंबर के तीसरे सप्ताह तक के लिए टाल दी है। इससे पहले 17 अगस्त को दिल्ली उच्च न्यायालय ने शाहनवाज हुसैन की ट्रायल कोर्ट के फैसले चुनौती देने वाली अर्जी को खारिज कर दिया था। अदालत ने यह कहते हुए उनकी अर्जी खारिज कर दी थी कि इसका कोई आधार नहीं बनता। इसके साथ ही कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से कहा था कि वह इस एफआईआर दर्ज करे और तीन महीने के अंदर जांच की रिपोर्ट सौंपे। बता दें कि 2018 में दिल्ली की एक महिला ने निचली अदालत में अर्जी दाखिल की थी और शाहनवाज हुसैन के खिलाफ रेप का आरोप लगाया हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। महिला की अर्जी पर 7 जुलाई, 2018 को मजिस्ट्रेट कोर्ट ने महिला के खिलाफ एफआईआर का आदेश दिया था, जिसे शाहनवाज हुसैन ने सेशन कोर्ट में चुनौती दी थी, जहां अर्जी खारिज हो गई थी। इसके बाद वह उच्च न्यायालय पहुंचे थे, लेकिन वहां भी राहत नहीं मिल पाई थी। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट की ओर से शाहनवाज हुसैन को अंतरिम राहत मिल गई है।

मौसम विभाग ने कई राज्यों के लिए जारी किया अगले 3 दिन भारी वर्षा का अलर्ट

नई दिल्ली। भारत मौसम विभाग (आईएमडी) ने कई राज्यों में अगले तीन दिनों तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट के मुताबिक उत्तर-पूर्वी मध्यप्रदेश में बना निम्न दबाव का क्षेत्र पश्चिमी व उत्तर पश्चिमी इलाके में आगे बढ़ रहा है। इसके प्रभाव के कारण पश्चिमी मध्यप्रदेश और पूर्वी राजस्थान में कुछ जगहों पर भारी से बहुत भारी वर्षा हो सकती है। मौसम विभाग ने कहा कि 22 अगस्त से लेकर 24 अगस्त के बीच देश के कई राज्यों में भारी से अत्यधिक भारी बारिश हो सकती है।

आईएमडी के पूर्वानुमानों के मुताबिक पश्चिम मध्य प्रदेश और पूर्वी राजस्थान के अधिकांश स्थानों पर 22 अगस्त को भारी से अत्यधिक भारी वर्षा हो सकती है। जबकि, पूर्वी मध्य प्रदेश, दक्षिण पश्चिम उत्तर प्रदेश, पश्चिम राजस्थान, उत्तरी गुजरात और उत्तर मध्य महाराष्ट्र के छिटपुट स्थानों पर भारी वर्षा की अधिक संभावना है। इसी तरह कल यानी 23 अगस्त को दक्षिणी राजस्थान और आसपास के गुजरात और उत्तरी मध्य महाराष्ट्र में भारी से अत्यधिक भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने कहा है कि 24 अगस्त को भी दक्षिण पूर्वी राजस्थान और उससे सटे कच्च के गुजरात में भारी से अत्यधिक भारी बारिश की संभावना है। भारी बारिश के कारण इन राज्यों के कुछ इलाकों में बाढ़ के भी हालात बन सकते हैं। वहीं पिछले कई दिनों से हिमालयी राज्यों में भारी बारिश के कारण जान-माल की भारी क्षति हुई है। हालांकि अब हिमालयी राज्यों में मॉनसून के कमजोर पड़ने की उम्मीद है। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली में भी अगले कुछ दिनों में भारी वर्षा हो सकती है। आईएमडी के मुताबिक अगले 24 घंटे में दक्षिण झारखंड, छत्तीसगढ़, पूर्वी एवं मध्य मध्य प्रदेश में मध्यम से भारी बारिश संभव है। वहीं, आंतरिक ओडिशा, दक्षिणी उत्तर प्रदेश, कोंकण और गोवा में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। पश्चिमी हिमालय और विदर्भ में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। गंगीय पश्चिम बंगाल, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, केरल, तटीय कर्नाटक, मध्य महाराष्ट्र और बिहार के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश संभव है।

हाईकोर्ट ने इमरान खान की गिरफ्तारी पर 25 अगस्त तक रोक लगाई

इस्लामाबाद। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) के अध्यक्ष और पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान को हाईकोर्ट से राहत मिली है। हाईकोर्ट ने 25 अगस्त तक इमरान की गिरफ्तारी पर रोक लगाई है। इमरान खान ने अपने खिलाफ दर्ज एक आतंकी मामले में गिरफ्तारी से बचने के लिए इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में गिरफ्तारी से पहले जमानत याचिका दायर की थी। इसके बाद अदालत ने उनको 25 अगस्त तक तीन दिनों के लिए ट्रांजिट बेल दी है।

एक खबर के मुताबिक पीटीआई की कानूनी टीम ने गिरफ्तारी से पहले जमानत याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया है कि इमरान खान को जब भी तलब किया जाएगा, वह अदालत में पेश होने को तैयार हैं।

पाकिस्तान की राजधानी के एफ-9 पार्क में एक रैली में इस्लामाबाद पुलिस के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और एक अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश को धमकी देने के लिए आतंकवाद विरोधी अधिनियम (एटीए) के तहत पूर्व प्रधान मंत्री खान के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी।

पीटीआई के वकील फैसल चौधरी और बाबर अवान ने पूर्व पीएम की ओर से याचिका दायर की थी, जिन्होंने इस दलील में कहा कि वह जब भी समन किया जाता है, तो वह अदालत में पेश होने के लिए तैयार हैं। याचिका में कहा गया है कि इमरान खान का अतीत से कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है और उन्हें कभी किसी अपराध के लिए दोषी नहीं ठहराया गया है। उनके द्वारा अभियोजन द्वारा पेश किए गए सबूतों को नुकसान पहुंचाने या फरार होने की कोई गुंजाइश नहीं है। इमरान खान अपनी जमानत के लिए जमानत के तौर पर पैसा जमा करने को भी तैयार हैं। जस्टिस मोहसिन अख्तर कयानी और जस्टिस बाबर सत्तार ने मामले की सुनवाई की और उन्होंने 25 अगस्त तक इमरान खान को ट्रांजिट बेल दे दी। खान को मामले में संबंधित 25 अगस्त तक आतंकवाद विरोधी अदालत (एटीसी) से संपर्क करने के लिए कहा।

मैं सिर्फ भारत को नंबर वन देश बनाना चाहता हूं : अरविंद केजरीवाल

अहमदाबाद। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुजरात में कहा कि वे प्रधानमंत्री बनने के इच्छुक नहीं हैं। गुजरात में एक महीने से भी कम समय में अपनी पांचवीं यात्रा के दौरान उन्होंने कहा, ÷हम यहां ऐसे पद पाने के लिए नहीं आए हैं। मैं सिर्फ भारत को नंबर 1 देश बनाना चाहता हूं।

दिल्ली की शराब बिक्री नीति को लेकर सीबीआई जांच का सामना कर रहे अपने डिप्टी मनीष सिसोदिया का बचाव करते हुए केजरीवाल ने भाजपा पर केंद्रीय एजेंसियों का उपयोग करके अपने राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। आप प्रमुख ने कहा, मैं सुन रहा हूं कि मनीष सिसोदिया तीन-चार दिनों में गिरफ्तार हो सकते हैं। कौन जानता है, मुझे भी गिरफ्तार किया जा सकता है। यह सब गुजरात चुनाव के लिए किया जा रहा है। अरविंद केजरीवाल के साथ दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया भी गुजरात के दौरे पर हैं। केजरीवाल ने प्रेस कांफ्रेस में कहा कि गुजरात के लोग बहुत दुखी हैं। पिछले 27 साल से बीजेपी की सरकार है, उसमें बहुत अहंकार आ गया है, किसी की नहीं सुनते। वे कहते हैं लोगों के पास विकल्प नहीं है, लोग क्या कर लेंगे। आम आदमी पार्टी पिछले कई दिनों से जनता के सामने जनता के मुद्दों पर चर्चा कर रही है और एक सकारात्मक कैंपेन चला रही है। हम बता रहे हैं कि महंगाई से कैसे छुटकारा दिलाएंगे बेरोजगारों, महिलाओं, किसानों के लिए क्या करेंगे। केजरीवाल ने कहा कि हमने दिल्ली में हेल्थ, एजुकेशन और महिलाओं के लिए अच्छा काम किया है। महिलाओं को दिल्ली में ट्रांसपोर्ट फ्री किया, पानी-बिजली फ्री किया। 12 लाख युवाओं को रोजगार दिया।

खास खबर

पाकिस्तान में पुलिस के सहयोग से सिख लड़की जबरन अपहरण, दुष्कर्म कर करवाया धर्मांतरण!

लाहौर। पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदाय का लड़कियों के साथ जबरन अपहरण और दुष्कर्म के बढ़ते मामले चिंता का सबब बनते जा रहे हैं। यहां के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बुनेर जिले में 20 अगस्त की शाम को एक सिख समुदाय की लड़की को जबरन अपहरण कर उसे इस्लाम धर्म में परिवर्तित कर दिया गया, जिसके बाद बड़े पैमाने पर सिख समुदायों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि पीड़िता का अपहरण पुलिस की सहायता से बन्दूक की नोंक पर किया गया। फिर उसका बलात्कार किया गया और उसके बाद अपहरणकर्ता से शादी करवाकर उसका धर्म बदलवा दिया गया।

बाढ़ ने अफगानिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्र में मचाई भारी तबाही, दर्जनों लोगों की मौत

इस्लामाबाद। पूर्वी अफगानिस्तान और इससे लगते पाकिस्तान के इलाकों में भारी वर्षा ने भारी तबाही मचाई है। गत रात आई बाढ़ में दर्जनों लोगों की मौत होने की खबर है। स्थानीय अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी है। इससे संबंधित एक वीडियो में अफगानिस्तान की राजधानी काबुल के दक्षिण स्थित लोगार प्रांत के खुशी जिले में ग्रामीण बाढ़ के बाद के अपने क्षतिग्रस्त घरों को साफ करते नजर आ रहे हैं। लोगार प्रांत के प्राकृतिक आपदा प्रबंधन मंत्रालय के प्रमुख अब्दुल्ला मुफाकर ने कहा कि अबतक यह पता नहीं है कि बाढ़ से कितने लोगों की मौत हुई या कितने घायल हुए हैं, लेकिन कम से कम नौ लोगों की मौत हुई है। उन्होंने कहा इस समय मृतकों की वास्तविक संख्या की जानकारी नहीं है, लोग शवों को हटा रहे हैं। गांव के बुजुर्ग डेल आगा ने कहा कि खुशी के इतिहास में अभूतपूर्व बाढ़ आई है। उन्होंने कहा बाढ़ ने इलाके के सभी लोगों के मवेशियों, घरों और कृषि भूमि को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा कि लोग बेघर हो गए हैं और उन्होंने पहाड़ियों पर शरण ली है। वहीं, पाकिस्तान के प्राकृतिक आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया है कि देश में मानसूनी बारिश से आई बाढ़ की वजह से कम से कम 36 लोगों की मौत हुई है जिनमें से 11 मौत अफगानिस्तान से लगते सीमावर्ती इलाकों में हुई है। प्राधिकरण ने बताया कि सेना की मदद से बचाव अभियान चलाया जा रहा है।

कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा निकालेगी कांग्रेस

चंडीगढ़। कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा निकालने की घोषणा की है। कन्याकुमारी से कश्मीर तक की यह यात्रा 7 सितंबर को शुरू होगी। पार्टी ने पांच महीने तक चलने वाली यात्रा के लिए नागरिक, समाज समूहों से समर्थन लेने और इससे जोड़ने के लिए संपर्क किया। इसको लेकर आयोजित एक नेशनल कॉन्क्लेव में देश के 150 से अधिक सिविल सोसायटी ग्रुपों, आंदोलनकारी समूहों, पेशेवरों और यूनियनों ने भाग लिया। कॉन्क्लेव में व्यापक चर्चा हुई और भारत जोड़ो यात्रा के लिए एकजुटता व्यक्त की गई। प्रतिभागी संगठनों ने यात्रा के निर्णय का स्वागत किया और यात्रा में शामिल होने की इच्छा जताई। निर्णय लिया गया कि आने वाले दिनों में विभिन्न नागरिक समाज समूहों, जन आंदोलन और व्यक्तियों की व्यापक भागीदारी के लिए एक अपील जारी की जाएगी। कॉन्क्लेव में कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी, दिग्विजय सिंह, जयराम रमेश सहित कई अन्य नेता शामिल हुए। उन्होंने यात्रा से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। सम्मेलन का आयोजन अरुणा रॉय, सैयदा हमीद, शरद बिहार, पीवी राजगोपाल, बेजवाड़ा विल्सन, देवनूरा महादेवा, जीएन देवी और योगेंद्र यादव सहित नागरिक समाज के कार्यकर्ताओं के एक समूह ने किया था।

राजू श्रीवास्तव की तबीयत अभी भी गंभीर, परिजन कर पूजा-पाठ, फैंस कर रहे दुआएं

नई दिल्ली। देश के प्रसिद्ध हॉस्य कलाकार राजू श्रीवास्तव इन दिनों जीवन और मौत से संघर्ष कर रहे है। हेल्थ से जुड़ी कई सारी अपडेट्स आ रही हैं। 11 दिन हो गए हैं और उनकी हालत में सुधार दिखता नजर नहीं आ रहा है। इस खबर से हर कोई परेशान है। दुआ पढ़ रहा है। उनके जल्द ठीक होने की कामना कर रहा है। वहीं अब कॉमेडियन के बड़े भाई के घर में भी एक पूजा रखी गई है। वहां भी उनके लिए प्रार्थना की जा रही है कि राजी जल्द ठीक हो जाएं और दिल्ली के एम्स से घर लौट आएं।

सीबीआई ने शुरू की डीटीसी बसों की खरीद में भ्रष्टाचार की प्रारंभिक जांच

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली सरकार द्वारा 1,000 लो-फ्लोर बसों की खरीद में भ्रष्टाचार के आरोपों की प्रारंभिक जांच शुरू की है। केजरीवाल सरकार ने दावा किया है कि उन्हें इस मामले में क्लीन चिट मिल गई है। दूसरी ओर, भाजपा ने कहा है कि 2021 में दर्ज की गई शिकायत पर अभी भी गौर किया जा रहा है।

न्यूज़ ट्रैक....

58 वे मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय अंतर जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता संपन्न

भोपाल । मध्य प्रदेश एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में 20 अगस्त को शुरू हुई 58 वे मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय अंतर जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता संपन्न हुई। दो दिन चली स्पर्धा में लगभग 1250 प्रतिभागियों ने जोर शोर से भाग लिया। मध्य प्रदेश एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष अमानत खान, सचिव अर्जुनन मुरलीधर, चैयरमैन टेक्नीकल कमिटी डा राजेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, महेंद्र विश्वकर्मा, अब्दुल वहाब, अजीत पाल गिल, पवन शर्मा के साथ संघ जिला संघों के सचिव, अध्यक्ष व् अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में उपाध्यक्ष एथलेटिक्स फेडरेशन आफ इंडिया मुमताज खान ने स्पर्धा का समापन किया।

मुम्बई की सड़कों पर स्कूटर पर घूमते नजर आये विराट और अनुष्का

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली और उनकी पत्नी बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा का एक वीडियो सामने आया है। इसमें विराट और अनुष्का मुम्बई की सड़कों पर स्कूटर से घूमते नजर आये। इस दौरान विराट ने प्रशंसकों से बचने के लिए जहां काले रंग का हेलमेट लगाया हुआ था। वहीं अनुष्का के हाथ में छाता था। विराट और अनुष्का अपने इस प्रयास के बाद भी प्रशंसकों से बच नहीं पाये। कुछ लोग तो यह देखकर हैरान थे कि लग्जरी कारों वाले विराट ओर अनुष्का आखिर क्यों स्कूटर पर घूमने निकले हैं। इस दौरान कुछ ने इनकी सादगी को सराहा। वहीं यह भी कहा जा रहा है कि अनुष्का अपने काम के बाद घर लौट रही थीं। विराट टीम इंडिया के साथ जिम्बाब्वे दौरे पर नहीं गए हैं। उनके अलावा रोहित शर्मा सहित कई सीनियर खिलाड़ियों को भी आराम दिया गया है।

आजम के नाम हुआ एकदिवसीय सीरिज में धीमी बल्लेबाजी का रिकार्ड

लाहौर । पाकिस्तान ने तीन मैचों की एकदिवसीय क्रिकेट सीरीज के अंतिम मैच में नीदरलैंड को 9 रनों से हरा दिया। इस मैच में पाक बल्लेबाज असफल रहे। पाक टीम को गेंदबाजों ने अपनी शानदार प्रदर्शन से जीत दिलाई। नसीम शाह ने 10 ओवर में 33 रन देकर सबसे ज्यादा 5 विकेट लिए। वहीं बल्लेबाजी में कप्तान बाबर आजम ने 125 गेंदों पर सबसे ज्यादा 91 रन बनाये। आजम की इस धीमी पारी से उनके नाक एक अनचाहा रिकॉर्ड जुड़ गया है। इसी के साथ ही आजम साल 2017 से एकदिवसीय में 80 से कम स्ट्राइक रेट के साथ सबसे अधिक बार 90 से ज्यादा रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने हैं। नीदरलैंड के खिलाफ इस बार उनका स्ट्राइक रेट 72.80 का था। इस सूची में दूसरे स्थान पर वेस्टइंडीज के शाई होप और तीसरे नंबर पर न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन हैं। आजम ने एकदिवसीय क्रिकेट में पिछली 10 पारियों में 837 रन बनाये हैं और इस दौरान उन्होंने 9 बार 50 से अधिक का स्कोर बनाया है। इसके बाद भी वह फिर भी विराट कोहली के रिकॉर्ड से काफी पीछे हैं। विराट ने एकदिवसीय क्रिकेट की लगातार 10 पारियों में 5 बार 800 से अधिक रन बनाए हैं। वहीं 2018 में वह 900 का आंकड़ा भी पार करने में सफल रहे थे। वहीं ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर के नाम 10 पारियों में 857 रनों का रिकार्ड है।

भारत-पाक के बाद बाग्लादेश भी जूझ रहा चोटिल खिलाड़ियों से

27 अगस्त से शुरू होगा एशिया कप-2022

नई दिल्ली। एशिया कप 2022 से पहले चोटिल होने की वजह से भारतीय टीम जसप्रीत बुमराह और हर्षल पटेल के बिना ही मैदान में उतरेगी। पाक खिलाड़ी शाहीन अफरीदी भी इस बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। इन प्रमुख खिलाड़ियों को बाहर होने के बाद अब चोट का सिलसिला बांग्लादेश जा पहुंचा है। टीम के सलामी बल्लेबाज लिटन दास पहले ही एशिया कप से बाहर हो चुके हैं, वहीं नुरुल हसन भी चोटिल हैं।

अब 27 अगस्त से शुरू हो रहे इस टूर्नामेंट की तैयारियों में जुटी बांग्लादेश की टीम को दो और झटके लगे हैं। अभ्यास सत्र के दौरान हसन महमूद और महेदी हसन भी इंजर्ड हो गए हैं। बांग्लादेश की टीम एशिया कप की तैयारियों में शेरे बांग्ला स्टेडियम में पसीना बहा रही है। शनिवार को अभ्यास सत्र के दौरान हसन महमूद और महेदी हसन को चोट लगी जिसने टीम की मुश्किलें बढ़ा दी है। महमूद को टखने पर चोट लगी, वहीं महेदी हसन को पैर में गेंद लगने की वजह से

अभ्यास सत्र छोड़ना पड़ा। मेहदी हसन को कुछ दिन आराम करने की हिदायत दी गई है, वहीं महमूद की स्थिति एमआरआई स्कैन के बाद साफ हो पाएगी।

बता दें, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने एशिया कप 2022 के लिए अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी है। बोर्ड ने इस टूर्नामेंट के लिए 17 खिलाड़ियों की टीम का ऐलान किया है। बांग्लादेश एशिया कप में ग्रुप बी का हिस्सा है। इस ग्रुप में उनके साथ अफगानिस्तान और श्रीलंका है। शाकिब अल हसन की अगुवाई में बांग्लादेशी टीम एशिया कप में अपने अभियान का आगाज 30 अगस्त को अफगानिस्तान के खिलाफ करेगी।

एशिया कप 2022 के लिए बांग्लादेश की टीमः शाकिब अल हसन (कप्तान), अनामुल हक, मुशफ़िकुर रहीम, अफ़िफ हुसैन, मोसद्देक हुसैन, महमूदउल्लाह रियाद, महेदी हसन, मोहम्मद सैफुद्दीन, हसन महमूद, मुस्ताफ़िजुर रहमान, नासुम अहमद, शब्बीर रहमान, महेदी हसन मिराज, इबादत हुसैन, परवेज हुसैन इमॉन, नुरुल हसन सोहन, तस्कीन अहमद।

3-0 से सीरीज अपने नाम करने उतरेगी टीम इंडिया

हरारे । भारतीय क्रिकेट टीम सोमवार को यहां मेजबान जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाले तीसरे एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबले को जीतकर 3-0 से सीरीज अपने नाम करने उतरेगी। भारतीय टीम ने पहले और दूसरे मैच को आसानी से जीता है। ऐसे में तीसरे मैच में भी वह जीत की प्रबल दावेदार है। वहीं दूसरी ओर मेजबान जिम्बाब्वे का लक्ष्य पिछली दो हार भूलकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना रहेगा हालांकि यह उसके लिए आसान नहीं रहेगा क्योंकि उसके बल्लेबाज और गेंदबाज अब तक उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं।

भारतीय टीम तीसरे मैच में कुछ नये खिलाड़ियों को आजमाना चाहेगी। आगामी टी20 विश्व कप को देखते हुए सभी युवा खिलाड़ियों को अवसर दिये जाने के प्रयासों को देखते हुए ही यह अहम माना जा रहा है। कार्यवाहक कप्तान लोकेश राहुल ने अब तक युवा खिलाड़ियों को अवसर दिया है। इन युवा खिलाड़ियों को यहां मिले अनुभवों का लाभ होने वाली सीरीजों में होगा। इससे उन्हें बेहतर क्रिकेटर के रूप में खुद को उभरने में सहायता मिलेगी।

भारतीय गेंदबाजों ने अब तक मेजबान बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का कोई अवसर नहीं दिया है। भारतीय टीम तीसरे एकदिवसीय में पहले बल्लेबाजी करना चाहेगी ताकि एशिया कप को देखते हुए कप्तान लोकेश राहुल सहित अधिकतर खिलाड़ियों को बल्लेबाजी का अवसर मिल सके। राहुल दूसरे एकदिवसीय में केवल एक रन ही बना पाये थे जबकि पहले एकदिवसीय में उन्हें खेलने का अवसर नहीं मिला था।

युवा बल्लेबाज शुभमन गिल इस मैच में बड़ी पारी खेलाकर आगामी एशिया कप और टी20 विश्व कप से पहले अपना मनोबल बढ़ाना चाहेंगे।

वहीं दूसरी ओर मेजबान जिम्बाब्वे टीम अपना सम्मान बचाने का प्रयास करेगी। इसी को देखते हुए वह बल्लेबाजी और गेंदबाजी में जीत के लिए पूरी ताकत झौंक देगी।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं ः भारतः लोकेश राहुल (कप्तान), शिखर धवन (उपकप्तान), रुतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, ईशान किशन (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, अवेश खान, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, दीपक चाहर, शाहबाज अहमद।

जिम्बाब्वेः रेजिस चकबवा (कप्तान), रयान बर्ल, तनाका चिवंगा, ब्रैडली इवांस, ल्यूक जोंगवे, इनोसेंट काया, ताकुदज्वानाशे कैटानो, क्लाइव मदांडे, वेस्ली मधेवेरे, तदीवानाशे मारुमनी, जॉन मसारा, टोनी मुन्योंगा, रिचर्ड नगारवा, विक्टर न्याउची,

गेंद लगने से खिलाड़ी की मौत

नई दिल्ली । यहां एक घरेलू क्रिकेट मुकाबले में गेंद लगने से एक खिलाड़ी की मौत का मामला सामने आया है। यह घटना स्वरूप नगर इलाके के एक स्कूल की है। यहां क्रिकेट खेल रहे हबीब मंडल नाम के 30 वर्षीय युवक के सीने में गेंद लगने से उसकी मौत हो गई। हबीब क्रिकेट खेलने के लिए कोलकाता से दिल्ली आया था और स्कूल कैंपस में ही क्रिकेट खेल रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार मैच के दौरान गेंद के सीने में लगने के बाद यह युवक बेहोश हो गया था। इसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इस मामले में युवक के परिजनों को जानकारी दे दी है पर अभी तक कोई शिकायत नहीं दर्ज की है।

जर्मनी में बुंदेलसगा लीग फुटबॉल मुकाबले में भाग लेते हुए मैंज के गोलकीपर रोबिन जेनर गेंद रोकने का प्रयास करते हुए।

विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में भाग नहीं लेगी सिंधु

टोक्यो । भारत की महिला बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु चोटिल होने के कारण बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में भाग नहीं लेंगी। यह पिछले एक दशक में पहली बार है जब सिंधु इस चैंपियनशिप में भाग नहीं ले रही हैं। सिंधु के नहीं खेलने के कारण इस टूर्नामेंट में सभी की नजरें युवा लक्ष्य सेन और एच एच प्रणय पर लगी रहेंगी। सिंधु राष्ट्रमण्डल खेलों में खिताबी अभियान के दौरान चोटिल होने के कारण इस चैंपियनशिप से हटी हैं। ऐसे में अब इस टूर्नामेंट में भारतीय प्रशंसकों को लक्ष्य के अलावा अनुभवी प्रणय और किदांबी श्रीकांत से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। भारत ने 2011 के बाद से ही इस चैंपियनशिप में हमेशा पदक जीते हैं। गत वर्ष श्रीकांत ने रजत जबकि लक्ष्य ने कांस्य पदक जीता था पर इस बार मुकाबला अधिक कड़ा है। साल 2021 में जापान के केंटो मोमोटा तथा जोनाथन क्रिस्टी और एंथोनी गिंटिंग की इंडोनेशियाई जोड़ी ने विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं लिया था पर इस बार किसी खिलाड़ी ने भी नाम वापस नहीं लिया है।

भारत को पुरुष खिलाड़ियों से अच्छी उम्मीदें हैं क्योंकि उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है। राष्ट्रमण्डल खेलों के स्वर्ण विजेता लक्ष्य इस बार भी विश्व चैंपियनशिप में खिताब के प्रबल दावेदार हैं। उनका पहला मुकाबला डेनमार्क के अनुभवी हैंस-क्रिस्टियन सोलबर्ग विटिंगस से होगा। भारत के तीनों पुरुष खिलाड़ी एक ही क्वार्टर में है और ऐसे में उनका आपस में भी मुकाबला हो सकता है। लक्ष्य का तीसरे दौर में प्रणय से सामना हो सकता है। प्रणय को इससे पहले दूसरे दौर में दूसरी वरीयता प्राप्त मोमोटा को हराना होगा। प्रणय ने पिछले कुछ समय से अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाये रखी है। वह तीन बार सेमीफाइनल और एक बार फाइनल में पहुंचे और उनसे इसी तरह के प्रदर्शन को बरकरार रखने की उम्मीद की जा रही है।

श्रीकांत को 12वीं वरीयता दी गई है और वह भी लक्ष्य और प्रणय की तरह अच्छी लय में हैं। राष्ट्रमण्डल खेलों में उन्होंने कांस्य पदक जीता था पर आयरलैंड के नाट गुयेन और चीन के झाओ जून पेंग जैसे खिलाड़ियों को हराने के लिए उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। यदि श्रीकांत शुरुआती बाधाओं को पार कर लेते हैं तो क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला दुनिया के पांचवें नंबर के मलेशियाई ली जिया जिया से हो होगा। इनके अलावा पुरुष युगल में चिराग सेठी और सात्विक साइराज रंकीरेड्डी पर भी सभी की नजरें रहेंगी। इस जोड़ी ने राष्ट्रमण्डल खेलों में स्वर्ण पदक जीता था।

व्यापारन्यूज

डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे बढ़कर 79.80 पर

मुंबई । वैश्विक बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और अमेरिकी मुद्रा में कमजोरी के चलते रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले चार पैसे बढ़कर 79.80 के स्तर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट ने रुपए को प्रभावित किया और इसकी बढ़त को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया कमजोरी के साथ 79.90 पर खुला, लेकिन शुरुआती कारोबार में गिरावट की काफी हद तक भरपाई करते हुए 79.80 के स्तर पर आ गया। इस तरह रुपया पिछले बंद भाव के मुकाबले चार पैसे की मजबूती के साथ कारोबार कर रहा था। रुपया पिछले सत्र में डॉलर के मुकाबले 20 पैसे की गिरावट के साथ 79.84 पर बंद हुआ था। छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 प्रतिशत फिसलकर 108.11 पर था।

यूपीआई सेवा पर शुल्क नहीं लगाएगी सरकार

नई दिल्ली (ईएमएस)। हाल ही में यह खबर आई थी की यूपीआई सेवा पर शुल्क लगाया जा सकता है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) की समीक्षा कर रहा है और यूपीआई के जरिए किए जाने वाले भुगतान पर चार्ज लगा सकता है। अब वित्त मंत्रालय ने राहत भरी जानकारी दी है। मंत्रालय ने कहा कि सरकार यूपीआई भुगतान सेवा पर किसी तरह का चार्ज लगाने पर विचार नहीं कर रही है। वित्त मंत्रालय ने ट्वीट कर कहा ?कि यूपीआई एक ऐसा डिजिटल प्लेटफॉर्म है जो जनता के लिए अत्यधिक सुविधाजनक है और अर्थव्यवस्था में इसका बड़ा योगदान है। यूपीआई भुगतान सेवा पर किसी तरह का चार्ज लगाने का विचार नहीं किया जा रहा है। सर्विस प्रोवाइडर्स के लिए कॉस्ट रिकवरी के लिए अन्य विकल्पों पर विचार किया जाएगा। बता दें कि यूपीआई एक रियल टाइम पेमेंट सिस्टम है, जो एक बैंक के अकाउंट से दूसरे बैंक के अकाउंट में पैसा तुरंत ट्रांसफर करने की सुविधा देता है। खास बात है कि यूपीआई के जरिए रात या दिन कभी भी मनी ट्रांसफर कर सकते हैं। यूपीआई सुविधा का उपयोग करना काफी आसान है. इसके लिए आपके मोबाइल में पेटीएम, फोनपे, गूगलपे, भीम आदि कोई यूपीआई ऐप से डाउनलोड करना होगा। आप अपने बैंक अकाउंट को यूपीआई ऐप से लिंक कर इस सिस्टम का इस्तेमाल कर सकते हैं। यूपीआई के माध्यम से आप एक बैंक अकाउंट को कई यूपीआई ऐप से लिंक कर सकते हैं।

गिरावट के साथ शेयर बाजार की शुरुआत

सेंसेक्स 420 अंक टूटा, निफ्टी 17,600 पर पहुंचा

मुंबई । वैश्विक बाजारों से मिलेजुले रुझानों के बीच सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शुरुआती कारोबार के दौरान शेयर बाजारों में गिरावट देखी गई और सेंसेक्स करीब 420 अंक टूट गया। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सूचकांक 419.69 अंक गिरकर 59,226.46 पर आ गया। व्यापक एनएसई निफ्टी 140.6 अंक गिरकर 17,617.85 पर था। सेंसेक्स में कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा स्टील, विप्रो, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और इंडसइंड बैंक गिरने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर हिंदुस्तान यूनिलीवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, पावर ग्रिड और आईटीसी में बढ़त हुई। सेंसेक्स शुक्रवार को 651.85 अंक की गिरावट के साथ 59,646.15 पर बंद हुआ था, जबकि निफ्टी 198.05 अंक गिरकर 17,758.45 पर बंद हुआ। इस बीच अंतरराष्ट्रीय तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 1.01 फीसदी की गिरावट के साथ 95.74 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था। आज के कारोबार में अडानी पोर्ट, पावर ग्रिड कारपोरेशन, एचयूएल, एसबीआई लाइफ इंस्युरेंस और डॉ रेडडी लैब निफ्टी के टॉप गेनर दिख रहे हैं। वहीं कोटक महिंद्रा बैंक, ओएनजीसी, विप्रो, हिंडाल्को और टाटा स्टील निफ्टी के टॉप लूजर हैं। बैंक, ऑटो, मेटल और रियल्टी शेयरों में गिरावट देखने को मिल रही है।

अमेरिकी और यूरोपीय बाजारों में गिरावट

मुंबई । अमेरिका में महंगाई की दरों में थोड़ी नरमी के बावजूद फेड रिजर्व ने आगे और ब्याज दरें बढ़ाने का संकेत दिया है। पिछले सप्ताह कंपनियों के बेहतर नतीजों ने निवेशकों में उत्साह भरा था, लेकिन उन्हें अब मंदी का खतरा दिखाई देने लगा है। ऐसे में निवेशक फिर मुनाफावसूली पर उतर आए और पिछले कारोबारी सत्र में अमेरिका के प्रमुख शेयर बाजारों में शामिल नेस्डेक पर 2.01 फीसदी की बड़ी गिरावट दिखी थी। वहीं अमेरिका की तर्ज पर यूरोपीय बाजारों में भी पिछले सत्र में नुकसान दिखा। यूरोप के प्रमुख शेयर बाजारों में शामिल जर्मनी के स्टॉक एक्सचेंज पर पिछले सत्र में 1.12 फीसदी की गिरावट दिखी, जबकि फ्रांस का शेयर बाजार 0.94 फीसदी के नुकसान पर बंद हुआ। हालांकि, लंदन का स्टॉक एक्सचेंज 0.11 फीसदी की मामूली बढ़त बनाने में कामयाब रहा।

एशियाई बाजारों में भी गिरावट

एशिया के ज्यादातर शेयर बाजारों में गिरावट दिख रही है। सिंगापुर स्टॉक एक्सचेंज 0.38 फीसदी के नुकसान पर कारोबार कर रहा है, जबकि जापान का निक्केई 0.49 फीसदी की गिरावट पर है। ताइवान का शेयर बाजार 0.48 फीसदी टूटकर ट्रेडिंग कर रहा और ताइवान के स्टॉक एक्सचेंज पर 0.95 फीसदी की गिरावट है। इसके अलावा दक्षिण कोरिया के कॉस्पी पर 0.84 फीसदी का नुकसान दिख रहा। आज सिर्फ चीन का शंघाई कंपोजिट 0.32 फीसदी की बढ़त पर टिका हुआ है। विदेशी निवेशकों ने पिछले कारोबारी सत्र में गिरावट के बावजूद भारतीय बाजार में पूंजी लगाई। इसी दौरान घरेलू संस्?थागत निवेशकों ने 1,633.21 करोड़ रुपए के शेयरों की बिकवाली भी की, जिससे बाजार को गिरावट का सामना करना पड़ा।

जयोमी ने 900 कर्मचारियों की छंटनी कर दी

नई दिल्ली । वैश्विक आर्थिक संकट और महंगाई का असर कंपनियों पर दिखने लगा है। चीनी स्मार्टफोन निर्माता जियोमी ने दूसरी तिमाही में राजस्व में 20 फीसदी की गिरावट के बाद छंटनी शुरू कर दी है। एक रिपोर्ट के मुतबाकि कंपनी ने 900 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी कर दी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक जियोमी ने लगभग 3 फीसदी कर्मचारियों को निकाल दिया है। हालांकि कंपनी ने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है। जुलाई और अगस्त में कई बड़ी कंपनियों जैसे माइक्रोसॉफ्ट, टेस्ला, रॉबिनहुड, ओला समेत कई मल्टीनेशनल कंपनियों ने छंटनी शुरू कर दी है। कई कंपनियां छंटनी करने वाली हैं। इसी कड़ी में स्मार्टफोन कंपनी शाओमी और ई-कॉमर्स जायंट वेफेयर ने भी छंटनी की घोषणा की है। कंपनी के अनुसार जून तिमाही (दूसरी तिमाही) में राजस्व में लगभग 20 प्रतिशत की गिरावट आई है, जिसके बाद नौकरियों में कटौती का फैसला किया गया है। जियोमी की बिक्री साल-दर-साल 20 फीसदी गिरकर 70.17 बिलियन युआन हो गई। बाजार के जानकारों का अनुमान है कि स्मार्टफोन निर्माता की शुद्ध आय 67 फीसदी गिरकर 2.08 बिलियन युआन रह गई है। कंपनी के अनुसार 870 कर्मचारियों को बाहर किया जाएगा। यह कंपनी के कर्मचारियों की संख्या का 5 फीसदी होगा। ग्लोबल आर्थिक संकट का असर कई सेक्टरों पर दिखने लगा है! रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर की करीब 342 टेक कंपनियों और स्टार्टअप के 43,000 कर्मचारियों की छंटनी की गई है।

6 सितंबर को घरेलू बाजार में पेश होगी वेन्यू एन लाइन

नई दिल्ली । अगले महीने 6 सितंबर को घरेलू बाजार में वेन्यू एन लाइन को पेश की जाएगी। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड की यह कार लांचिंग के लिए पूरी तरह तैयार है। यह कार निर्माता पहले से ही कॉस्मेटिक एन्हांसमेंट, मैकेनिकल अपडेट और आंतरिक संशोधन के साथ भारत में आई20 एन लाइन बेचती है। आगामी हुंडई वेन्यू एन लाइन उसी तर्ज पर गिरेगी। कॉम्पैक्ट एसयूवी को कुछ महीने पहले फेसलिफ्ट किया गया था और इसे ग्राहकों के बीच अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। यह अब नवीनतम सेंसुअस स्पोर्टीनेस डिजाइन फिलॉसफी के अनुरूप है, जिसके बाद विश्व स्तर पर ब्रांड आता है। इसके अलावा, अत्यधिक प्रतिस्पर्धी खंड में पैकेज को और अधिक मसाला देने के लिए नई सुविधाएँ भी पेश की गईं, जो उच्च मात्रा में प्राप्त करती हैं। हुंडई वेन्यू एन लाइन अपने आगमन पर रेंज के शीर्ष पर बैठेगी और इसे एक स्टिफ़र सेटअप के साथ एक ट्वीकड सस्पेंशन और इसे स्पोर्टियर एग्जॉस्ट सिस्टम सहित कई अपडेट मिलेंगे। इसे केवल 1.0-लीटर तीन-सिलेंडर टर्बोचार्ज्ड जीडीआई पेट्रोल इंजन और सिंगल ट्रांसमिशन ऑप्शन के साथ पेश किया जाएगा। आई20 एन लाइन में फिलहाल सिक्स-स्पीड आईएमटी और सेवेन-स्पीड ड्यूल क्लच ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन विकल्प दोनों हो सकते हैं।

चावल, दाल और तिलहनी फसलों का बुआई क्षेत्र आठ फीसदी घटा

उत्पादन कम होने से चावल के दाम बढ़ने की आशंका

नई दिल्ली । देश में चालू खरीफ सीजन में धान की बुआई का क्षेत्रफल घटा है। पिछले हफ्ते तक इसका रकबा 8.25 फीसदी की कमी के साथ 343.70 लाख हेक्टेयर रहा है। कृषि मंत्रालय ने बताया कि दलहन और तिलहन का बुआई क्षेत्र रकबा घटा है। मंत्रालय के अनुसार खरीफ सीजन की सभी फसलों का रकबा 1,012.99 लाख हेक्टेयर रहा है जो पिछले वर्ष की तुलना में 25.52 लाख हेक्टेयर कम है। धान एक प्रमुख खरीफ फसल है। खरीफ की फसलों की बुआई जून में दक्षिण पश्चिमी मानसून के आगमन के साथ शुरू की जाती है। सरकार के ताजा आंकड़ों के मुताबिक 18 अगस्त तक देशभर में धान की बुआई इस खरीफ सीजन में 343.70 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में हुई है जो पिछले वर्ष के 374.63 लाख हेक्टेयर की तुलना

में कम है। बारिश कम होने की वजह से झारखंड, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और कुछ अन्य राज्यों में धान की बुआई कम हुई है।

दालहन (दाल देने वाली फसलें) की बुआई का रकबा भी पिछले वर्ष की तुलना में 7.08 लाख हेक्टेयर घटकर 18 अगस्त तक 125.57 लाख हेक्टेयर रहा है. तुर, उड़द, मूंग और कुल्ठी दाल का बुआई क्षेत्र पिछले साल के मुकाबले थोड़ा घटा है। वहीं तिलहन का पिछले हफ्ते रकबा 184.42 लाख हेक्टेयर जबकि पिछले साल समान अवधि में यह 185.85 लाक हेक्टेयर रहा था। सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार रकबा घटने के बावजूद इस पर कई फसलों का रिकॉर्ड उत्पादन होने वाला है। केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा जारी अग्रिम अनुमान के मुताबिक 2021-22 में 31.5 करोड़ टन खाद्यान उत्पादन का अनुमान है जो 2020-21 से करीब 50 लाख टन अधिक है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, चावल, गेहूं, गन्ना, मोटे अनाज, दलहन और तिलहन सभी के उत्पादन पिछले 5 वर्षों के औसत उत्पादन से अधिक रहने वाला है। हालांकि, सरकार ने यह नहीं बताया है कि पिछले साल के मुकाबले इनकी क्या स्थिति है। कई रिपोर्ट्स और रकबे में कमी को देखते हुए लगता है कि 2020-21 के मुकाबले इस बार कई मुख्य खाद्यान का उत्पादन कम रहने वाला है।

नोएडा में पेट्रोल और डीजल 15-15 पैसे महंगा

नई दिल्ली । वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच यूपी और बिहार के शहरों में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ गए हैं, जबकि क्रूड ऑयल का भाव सस्ता हुआ है। सरकारी तेल कंपनियों ने सोमवार को देश के चारों महानगरों में तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। हालांकि, यूपी के नोएडा में पेट्रोल और डीजल 15-15 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया है। यहां अब पेट्रोल की कीमत 96.92 रुपए और डीजल 90.08 रुपए प्रति लीटर पहुंच गई है। इसी तरह बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 35 पैसे महंगा होकर 107.59 रुपए और डीजल 32 पैसे बढ़कर 94.36 रुपए प्रति लीटर हो गया है। अगर कच्?चे तेल की बात करें तो ब्रेंट क्रूड पिछले 24 घंटे में 1.22 डॉलर गिरकर 95.50 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई 1.12 डॉलर गिरकर 89.65 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है।दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.92 रुपए और डीजल 90.08 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपए और डीजल 89.76 रुप प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.59 रुपए और डीजल 94.36 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

आवारा जानवरों को खिलाने में अपार आनंद मिलता है : डेजी शाह

अभिनेत्री डेजी शाह जानवरों से काफी प्रेम करती हैं। वह आवारा पशुओं को खाना खिलाना पसंद करती हैं। उनका कहना है कि जब भी वह बाहर जाती हैं तो हमेशा जानवरों के साथ भोजन साथ लेकर चलती हैं। अभिनेत्री को हाल ही में मुंबई के अंधेरी में आवारा कुत्तों और गायों को खाना खिलाते हुए देखा गया था। शाह ने कहा, मुझे जब भी मौका मिलता है, मैं अक्सर आवारा जानवरों को खाना खिलाती हूं। मैं चाहे कहीं भी जा रही हूं, मैं अपनी कार में हमेशा कुत्तों के लिए बिस्कुट का एक बॉक्स रखती हूं। अगर मैं एक सिग्नल पर रुकती हूं या अगर मैं अपनी कार से किसी जगह पर जा रही होती हूं और इन प्यारे जानवरों को देखती हूं, तो मैं उन्हें हमेशा खाना खिलाती हूं। ऐसा करने में अथाह आनंद है। अभिनेत्री का कहना है कि कचरे के उचित निस्तारण को सुनिश्चित करना इसलिए भी बहुत जरूरी है, ताकि पशु गलत चीजों का सेवन न कर सकें। उन्होंने कहा, यह समझने की जरूरत है कि आवारा जानवरों को भी खाने की जरूरत होती है, इसलिए वे जहां कहीं भी संभव हो, वहां से भोजन पाने की कोशिश करते हैं। कई बार यह शहर के आसपास रहने वाले बड़े कचरे के डिब्बे से होता है, जो बीएमसी द्वारा प्रदान किया जाता है। सरकार ने निश्चित रूप से हमारे शहर को ये कचरे के डिब्बे मुहैया कराकर सफाई रखने का काम किया है, लेकिन लोग अभी तक अपने कचरे को सही ढंग से अलग करने से अनजान हैं। अभिनेत्री ने लोगों से अपने कचरे को ठीक से अलग-अलग करने का आग्रह किया है, ताकि इसका निस्तारण या निपराटा उचित तरीके से किया जा सके।

पिंक ऑफशोल्डर गाउन में गजब की नजर आईं बाहुबली फेम तमन्ना भाटिया

बाहुबली फेम एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने एक बार फिर से अपनी अदाओं का तड़का लगाया है। इस बार वह पिंक ड्रेस में गजब नजर आई हैं जो आप देख सकते हैं। वैसे तमन्ना का हर लुक बेहतरीन होता है और वह अपने लुक से सभी को घायल करने में आगे हैं। तमन्ना ने एक या दो बार नहीं बल्कि हर बार अपने हुस्न से लोगों को दीवाना बना डाला है। अब तक उनकी तस्वीरें हों या वीडियोज, सामने आने के साथ ही वायरल हो जाते हैं। वैसे तमन्ना लगातार अपने फैंस से कनेक्ट रहने के लिए सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं। इस बार भी उन्होंने इंस्टाग्राम पर नया फोटोशूट शेयर करके तहलका मचा दिया है। आप देख सकते हैं तमन्ना भाटिया ने इन तस्वीरों में पिंक कलर के हाईस्लिट गाउन में गॉर्जियस अंदाज में पोज दिए हैं।

यह तस्वीरें उनके फैंस देखते नहीं थक रहे हैं। हर कोई उनकी तारीफों के पूल बाँध रहा है। वैसे तमन्ना ने इस फोटोशूट की 9 तस्वीरें एक-एक करके शेयर की हैं। कुछ तस्वीरें बहुत पास से ली गई हैं तो कुछ बहुत दूर से। वैसे इन तस्वीरों को शेयर करते हुए तमन्ना ने एक काफी मजेदार कैप्शन लिखा है। जी दरअसल उन्होंने लिखा है- पिंकटास्टिक। आप देख सकते हैं उनका गाउन ऑफशोल्डर हाई स्लिट गाउन है। इसमें टॉप पर हैवी वर्क के साथ रॉयल लुक है। जबकि इसका फॉल नेट स्टाइल का है। गाउन में उन्होंने सिल्वर कलर के लंबे से ईयररिंग्स पहने हैं। उनका पूरा लुक बेहतरीन है।

'गुडबाय' के सेट पर मनाया गया रश्मिका मंदाना का जन्मदिन

साउथ सेंसेशन रश्मिका मंदाना और अमिताभ बच्चन अभिनीत 'गुडबाय' की शूटिंग हाल ही में शुरू की गई है। बालाजी टेलीफिल्म्स व रिलायंस एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित और विकास बहल द्वारा निर्देशित इस फिल्म की घोषणा ने ही दर्शकों को जिज्ञासु कर दिया है। अभिनेत्री ने 'गुडबाय' के सेट पर अपना 25वां जन्मदिन मनाया है। ऐसे में, फिल्म की टीम ने यह सुनिश्चित किया कि उनके लिए एक छोटा सा सेलिब्रेशन किया जाए क्योंकि वह अपने विशेष दिन पर काम कर रही थी। एक सूत्र ने खुलासा किया, वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए, सेट पर एक अच्छा सेलिब्रेशन का माहौल था। सभी कलाकारों और चालक दल के साथ सभी कोविड दिशानिदेशरें का सावधानी से पालन किया जा रहा है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, केक काटने के दौरान भी सभी मास्क पहने हुए थे और उचित सामाजिक दूरी बनाए रखी थी।

हेरा फेरी 3 की स्क्रिप्ट हुई फाइनल, एक बार फिर अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल मचाएंगे धमाल

राज, श्याम और बाबूराव की फिल्म हेरा फेरी ने खूब धमाल मचाया था. इस फिल्म को अब तक कितनी ही बार देख लिया, लेकिन आज भी फिल्म के कुछ सीन्स देखकर आप अपनी हंसी नहीं रोक पाते. इसके बाद फिल्म के दूसरे पार्ट फिर हेरा फेरी भी हिट थी. अब आज हेरा फेरी की रिलीज को 21 साल हो गए हैं. इस खास मौके पर फिल्म के प्रोड्यूसर फिरोज नाडियाडवाला ने हेरा फेरी 3 को लेकर बड़ा अपडेट दिया है. उन्होंने कम्फर्म किया है कि अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल के साथ तीसरी इंस्टॉलमेंट लेकर आ रहे हैं।

उन्होंने कहा, 'स्क्रिप्ट फाइनल हो गई है और जल्द ही इसकी ऑफिशयल अनाउंसमेंट की जाएगी. इस बार आइडिया सिर्फ हेरा फेरी 3 नहीं है बल्कि और हेरा फेरी भी है और हम उसका पूरा ख्याल रख रहे हैं.' फिरोज ने कहा, 'हम इस बार स्क्रिप्ट को लेकर थोड़ा ज्यादा ध्यान दे रहे हैं. अब जब चीजें सही जगह पर बैठ गई हैं तो मैं यही कहूंगा कि बनेगी तब जब 2-3 हेरा फेरी साथ बनेगी. फिरोज का ये भी कहना है कि इस फिल्म की फ्रेंचाइजी को आगे लेकर जाना काफी प्रेशर से भरा है और प्रेशर से ज्यादा इसमें जिम्मेदारी वाली बात है क्योंकि आपको ऑडियंस को अच्छा प्रोडक्ट देना है. भगवान ने हमें इतनी अच्छी फ्रेंचाइजी दी तो हमें स्टोरी, स्क्रीनप्ले और डायलॉग सब बेस्ट रखना होगा. हम इसे हल्के में नहीं ले सकते.' बता दें कि फिर हेरा फेरी में राजू ब्रिज पर वो एंटीक बंदूक को नदी में गिरने से बचाता है. फिरोज से पूछा गया कि क्या हेरा फेरी 3 की कहानी वहीं से शुरू होगी जहां दूसरे पार्ट का एंड हुआ था तो उन्होंने कहा, 'हां उसमें कहानी कन्टीन्यू होगी. लोगों को फाइनली उस लास्ट सीन का जवाब मिल जाएगा.' बता दें कि फिल्म के पहले पार्ट को प्रियदर्शन ने डायरेक्ट किया था. वहीं दूसरे पार्ट को दिवंगत डायरेक्टर नीरज वोरा ने डायरेक्ट किया था. अब तीसरे पार्ट को कौन डायरेक्ट करेगा इसका जवाब जानने के लिए फैंस काफी एक्साइटेड हैं. वैसे आज फिल्म के 21 साल पूरे होने पर अक्षय ने धोली वाले सीन की फोटो शेयर करते हुए लिखा, 'हमे उस समय नहीं पता था कि हम क्या फिल्म बना रहे हैं।

एक साथ पांच प्रोजेक्ट्स पर काम करना और शूटिंग करना, एक मैड फेज रहा है : जैकलीन

जैकलीन फर्नांडीज लगभग एक साल से लगातार काम कर रही हैं। यही वजह है कि जैकलीन फर्नांडीज अपने आगामी प्रोजेक्ट्स के लिए एक सेट से दूसरे सेट के बीच कश्मकश कर रही हैं। 2021 की सबसे मजबूत लाइनअप के साथ, जैकलीन फर्नांडीज निश्चित रूप से बेस्ट लाइफ जी रही हैं। अपने काम की आगामी परियोजनाओं पर जैकलीन ने एक प्रमुख प्रिंट पब्लिकेशन के साथ साझा किया, एक साथ पांच प्रोजेक्ट्स पर काम करना और शूटिंग करना, एक मैड फेज रहा है। सभी त्यौहार सेट पर कास्ट और क्रू के साथ मनाए गए हैं। मैंने पिछले साल के अंत में भूत पुलिस के लिए पहाड़ों में शूटिंग शुरू की थी

और फिर सर्कस की शूटिंग के लिए मुंबई का रुख किया था। उसके बाद, मैं बच्चन पांडे के लिए राजस्थान गयी थी और अब, राम सेतु की बारी है। वह आगे कहती हैं, मैं फिल्मांकन की हर प्रक्रिया का आनंद ले रही हूं। इन भूमिकाओं को निभाना रोमांचक है क्योंकि प्रत्येक किरदार एक दूसरे से बहुत अलग है और एक से दूसरे में स्विच करना चुनौतीपूर्ण रहा है। शायद ही कोई ऐसा दिन रहा हो, जहाँ मैं ब्रेक ले सकती थी, लेकिन मेरे दोस्त, परिवार और टीम ने मेरा भरपूर साथ दिया है, जिस वजह से मैं इतना सब करने में सफल रही हूं। जैकलीन को एक ओर ल्योहार आगामी फिल्म के सेट से बिताना पड़ा।

कभी कॉलेज नहीं गया इसलिए कॉलेज की कहानियों से जुड़ नहीं पाया : राणा दग्गुबाती

बाहुबली फेम राणा दग्गुबाती को इस साल अभिनय के पेशे में 11 साल पूरे हो जाएंगे। बीते शुक्रवार को उनकी नई तेलुगु फिल्म अरन्या रिलीज हुई है। कई भाषाओं में रिलीज हुई इस फिल्म का तमिल वर्जन में शीर्षक कादन और हिंदी में हाथी मेरे साथी है। हालांकि मुंबई में कोविड मामलों की बढ़ती संख्या के कारण फिल्म की रिलीज को स्थगित कर दिया गया है। दादासाहेब फाल्के विजेता निर्माता डी.राम नायडू के पोते और तेलुगु सुपरस्टार वेंकटेश के भतीजे राणा ने 2010 में तेलुगु फिल्म लीडर से करियर शुरू किया था। इसके एक साल बाद उन्होंने रोहन हिप्पी की मल्टीस्टारर फिल्म दम मारो दम से बॉलीवुड में डेब्यू किया। राणा ने कहा, जब मैं इंडस्ट्री में आया था, तब बहुत कम विकल्प थे। मैं कोई ऐसा कलाकार नहीं हूं जो रोमांटिक फिल्में करता हो। मैं कॉलेज नहीं गया हूं इसलिए मैं ऐसी कहानियों से कभी जुड़ा ही नहीं। मैं ऐसा भी नहीं था जो बदला, एक्शन जैसी फिल्मों को बहुत पसंद करता हो, लिहाजा मेरे पास तो विकल्प और भी कम थे। ब्लॉकबस्टर बाहुबली में भल्लालदेव के किरदार से पूरे देश में मशहूर हुए राणा कहते हैं, मैंने कभी भी भाषा को एक बाधा के रूप में नहीं रखा।

अगर आप बालों की समस्या से परेशान हैं तो इन तरीकों को अपनाएं



बालों का झड़ना एक आम शिकायत है। खासकर महिलाओं के बालों के स्प्लिट एंड्स हो जाते हैं। हेयर केमिकल्स और हेयर स्ट्रेटनर से स्प्लिट एंड्स का खतरा बढ़ जाता है। विभाजन के कारण बाल कहीं भी गिर सकते हैं। लेकिन अधिमानतः लंबे बाल समाप्त हो जाते हैं। कई महिलाओं को अपने सुंदर और लंबे बाल काटने पड़ते हैं। हालाँकि, आज हम आपको कुछ विशेष उपाय बताने जा रहे हैं जो निश्चित रूप से आपकी विभाजन की समस्या से छुटकारा पाने में आपकी मदद करेंगे। आवोकडो हेयर मास्क बालों को मजबूत और बेहतर बनाने के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। एवोकैडो हेयर मास्क बनाने के लिए एक अंडा और जैतून का तेल लें। इस तेल को अंडे में अच्छी तरह से मिलाएं और इसे बालों पर लगाएं। इसे लगभग 20 से 25 मिनट तक छोड़ दें। फिर बालों को पानी से धो लें। हनी और जैतून का तेल त्वचा और बालों दोनों के लिए फायदेमंद है। इन दोनों चीजों को एक साथ रखने से बाल चमकदार बनते हैं। एक चम्मच शहद और दो चम्मच जैतून का तेल मिलाएं और बालों पर लगाएं। इस मिश्रण को 20 मिनट तक रखें और फिर पानी से धो लें। विखंडित सिरों का मुख्य कारण रंग या रासायनिक होता है।

वजन घटाने से लेकर चमकते चेहरे तक, एक कप चाय के हैं फायदे हजार

चाय सर्दी के मौसम में आपके दिन को ज्यादा सक्रिय बनाती है। 3000 से अधिक किस्मों के साथ एक कप चाय दुनिया भर में पानी के बाद सबसे अधिक पिया जाने वाला पेय है। भारतीय चाय के प्रति अपने लगाव के लिए जाने जाते हैं, और सर्दियों में यह कई लोगों के लिए एक आदत बन जाती है। चाय के कई लाभ हैं। 'हेल्थयंस' की वरिष्ठ पोषण विशेषज्ञ व स्वास्थ्य सलाहकार डॉक्टर सौम्या सताक्षी ने चाय के ये लाभ बताए हैं :

ऑक्सीडेशन स्तर के आधार पर चाय मुख्य रूप से पांच प्रकार की होती हैं। साधारण बोलचाल में, चाय जितनी कम ऑक्सीडाइज्ड होगी, स्वाद और सुगंध में उतनी ही सौम्य और बेहतर होगी।

सफेद चाय : यह चाय का सबसे कम प्रोसेस किया जाने वाला स्वरूप है, जो कि शानदार स्वाद और खुशबू देता है। यह एंटीबैक्टीरियल गुणों से भरपूर होती है और यह कोलेस्ट्रोल एवं ब्लड प्रेशर को कम करने में मददगार है। इसमें कैफीन की मात्रा कम होने के चलते, जो लोग अपने कैफीन सेवन पर ध्यान देते हैं उनके लिए यह सर्वश्रेष्ठ विकल्प है। जो लोग अपना वजन घटाना चाहते हैं, वे एक चम्मच सफेद पत्ती, आधा चम्मच अदरक पाउडर और नींबू की कुछ बूंदें मिलाकर 15 दिनों इसका सेवन करें तो आशाजनक परिणाम देखने को मिलेंगे। फिनॉल की अधिक मात्रा के चलते, यह एलेस्टिन और कोलेजन को मजबूती प्रदान करता है, जिसके चलते यह झुर्रियों को रोकने और मुंहासे ठीक करने में भी मदद करता है।

इसका रोजाना तीन-चार कप सेवन किया जा सकता है।

ग्रीन टी : एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होने के कारण यह कोलेस्ट्रोल को कम करने और स्वस्थ कोशिकाओं तेजी से वृद्धि करने में मदद साबित होती है। इसमें चीनी मिलाकर इसका प्रयोग चेहरे की मृत कोशिकाओं को हटाने के लिए फेस स्क्रब के रूप में भी कर सकते हैं। यह एक बेहतरीन टोनर है, जो कि बंद पड़े रोम छिद्रों को खोलने में मदद करती है। आंखों के आसपास सूजन को कम करने के लिए भी यह एक अच्छा विकल्प है। इसे बालों को साफ करने और उन्हें स्वस्थ रखने में भी प्रयोग किया जा सकता है। ग्रीन टी से अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए, इसमें दूध, चीनी, क्रीम और यहां तक कि शहद भी न मिलाएं। उबलते पानी में एक चम्मच ताजी पत्तियों को मिलाएं और 2 से 3 मिनट रखने के बाद ही इसे पिएं। इसका रोजाना दो-तीन कप सेवन किया जा सकता है।

ब्लैक टी : यह चाय हृदय रोग के खतरे को कम करती है और डायबिटीज के स्तर को घटाती है। यह तैलीय त्वचा वाले लोगों के लिए आदर्श है, ब्लैक टी रोम छिद्रों में कसावट लाने, त्वचा में ताजगी लाने और आपके चेहरे पर एक प्राकृतिक एवं उज्ज्वल चमक लाने में मदद करती है।

रूइबोस/हर्बल टी : हर्बल टी में कैफीन नहीं होता और इसमें टैनिन कम होता है। इसमें कैंसर से लड़ने के गुण होते हैं और यह त्वचा की एलर्जी में भी लाभकारी होती है।

अलाया फर्नीचरवाला को मिला बेस्ट डेब्यू अवॉर्ड

पिछले साल रिलीज हुई फिल्म जवानी जानेमन में सैफ अली खान की बेटी का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस अलाया फर्नीचरवाला को बेस्ट डेब्यू आर्टिस्ट (फीमेल) का अवॉर्ड मिला है। इस खुशखबरी को अलाया ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट करते हुए फैन्स के साथ साझा किया है। उन्होंने ट्रॉफी के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा, वो मेरी है। बेस्ट डेब्यू फीमेल। उन्होंने आगे लिखा, मैं एक कान से लेकर दूसरे कान तक मुस्कुरा रही हूं। बहुत बहुत शुक्रगुजार हूं। शुक्रिया। शुक्रिया। शुक्रिया। आपके इतने प्यार और सपोर्ट के लिए आपकी शुक्रगुजार हूं।

खालिस्तान का होगा खात्मा

केंद्र सरकार खालिस्तानी नेटवर्क और ड्रग ट्रैफिकिंग मॉड्यूल के खिलाफ ऐक्शन लेने की तैयारी में है। गृह मंत्रालय ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और अन्य जांच एजेंसी को दिल्ली से सटे 5 राज्यों में खालिस्तानी नेटवर्क को खत्म करने के निर्देश दिए हैं। गृह मंत्रालय ने यह फैसला एनआईए, ईडी, आईबी और रॉ के साथ हुई अहम बैठक के बाद लिया है। बैठक में दिल्ली पुलिस समेत पांच राज्यों की पुलिस मौजूद थी। जांच एजेंसी खालिस्तानी एक्टिविटी पर नजर रखेगी और उनके ऊपर केस दर्ज करेगी। दरअसल, कुछ महीने दिल्ली और आसपास के राज्यों में विस्फोटक बरामद हुए थे। ईडी और आईबी को आशंका है कि उनके पीछे आईएसआई और पाकिस्तान में मौजूद खालिस्तानी संगठनों का हाथ है। जांच एजेंसी के मुताबिक ये संगठन देश में बड़े हमले को अंजाम देना चाहते हैं। उसके लिए इन संगठनों को विदेशों से फंडिंग हो रही। एनआईए इसकी भी जांच करेगी कि इन संगठनों को विदेशी फंडिंग कहां से आ रही है। केंद्र सरकार ने 5 खालिस्तानी संगठन को अपना टारगेट बनाया है। इनमें खालिस्तानी लिबरेशन फ्रंट, बब्बर खालसा इंटरनेशनल, सिख यूथ फेडरेशन, सिख फॉर जस्टिस और खालिस्तान टाइगर फोर्स आदि संगठन शामिल हैं। इन संगठनों पर केस दर्ज करने के लिए केंद्र सरकार ने एक नोटिफिकेशन जारी किया है। इसके चलते खालिस्तानी संगठनों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नोटिफिकेशन के मुताबिक एनआईए ड्रोन के जरिये हथियार, आईईडी, विस्फोटक भेजने पर खालिस्तानी गैंग और उससे जुड़े संगठनों पर नजर रखेगी। खालिस्तानी नेटवर्क पर सरकार का सख्त रवैया बिल्कुल सही है। भारत ने करीब डेढ़ दशक तक पंजाब के आतंकवाद को झेला है और इसकी भारी कीमत चुकाई है। हजारों निर्दोष भारतीय नागरिक आतंकवादियों की हिंसा का शिकार हुए। अब इस दौर में खालिस्तान की मांग करने वालों की आवाज उस देश से आई है जो आतंकवाद के खात्मे में हर तरह से भारत के साथ होने का दावा करता रहा है और खुद भी इसके खतरों से दो-चार रहा है। सिख फॉर जस्टिस यूरोप के कई देशों में सक्रिय है। अमेरिका और कनाडा में इसके तार हैं। भारत को उन देशों की सरकारों पर भी दबाव बनाना होगा जहां खालिस्तान के नाम पर आज भी गतिविधियां जारी हैं। लंदन में खालिस्तान समर्थकों की रैली को लेकर सवाल तो उठता ही है कि ब्रिटेन की सरकार ने यह जानते हुए भी कि खालिस्तान की मांग भारत की एकता-अखंडता पर हमला है, इस रैली के लिए इजाजत दी! पंजाब के साथ पूरे देश ने खालिस्तान का खौफनाक और जानलेवा दौर देखा है। पंजाब के शहरों की तंग गलियों से खाड़कुओं को, नंगी तलवारें और रिवॉल्वर, बंदूक के साथ, भागते देखा है। उस समय जांबाज पुलिस अफसर केपीएस गिल के नेतृत्व में पंजाब पुलिस ने ही खालिस्तान आंदोलन की कमर तोडऩे का बड़ा काम किया था। भिंडरावाला सरीखे आतंकी को ढेर कर दिया था। खालिस्तान आंदोलन ने इस देश को कई गहरे घाव दिए हैं। खालिस्तान आंदोलन ने ही देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पंजाब के मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्याएं की थीं। लिहाजा अब कोई भी सोच या साजिश हो, हम खालिस्तान को करवट लेते नहीं देख सकते। खालिस्तान आंदोलन ने पंजाब को बहुत नुकसान पहुंचाया है। पंजाब का आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक ढांचा खालिस्तान आंदोलन ने छिन्न-भिन्न करने का काम किया था।

कहो तो कह दूं। सुख के सब साथी दुख में न कोय ,मेरे राम मेरे राम

चैतन्य भट्ट

साठ के दशक के एक बड़ी मशहूर फिल्म आई थी ÷गोपी÷ जिसमें राजेंद्र कृष्ण का लिखा गीत और कल्याण जी आनंद जी द्वारा संगीतबध्ध गीत था ÷सुख के सब साथी दु:ख में न कोय मेरे राम मेरे राम÷ ये गाना अपने ÷वैराग्यनंद गिरी÷ उर्फ़ ÷मिर्ची बाबा÷ पर सटीक बैठता है द्य क्या जलवा था एक वक्त, मंत्री पद का दर्जा था, बड़े बड़े राजनेता आगे पीछे घूमते थे, सैकड़ों की तादाद में चेले चपाटियों की फौज सुबह शाम चरणस्पर्श करती थी, लेकिन कहते है न जब बुरा वक्त आता है तो सब कुछ एक ही झटके में खत्म हो जाता है, अब देखो न एक महिला ने आरोप लगा दिया कि मिर्ची बाबा ने उसके साथ दुष्कर्म किया, बस क्या था पुलिस ने फ़ौरन से पेश्तर मिर्ची बाबा को गिरफ्तार कर लिया और कोर्ट ने उन्हें जेल भेज दिया । बेचारे मिर्ची बाबा जो राजनेताओं को चुनाव जिताने का दावा करते थे उनके लिए पांच क्विंटल मिर्ची का यज्ञ करते थे अपने बचाव के लिए मिर्ची का यज्ञ नहीं कर पाए । सुना है जेल में मिर्ची बाबा रोते रहते थे पता तो ये भी चला है कि जिन राजनेताओं के लिए मिर्ची बाबा ने बड़े बड़े यज्ञ किये उनमें से एक भी नेता ने उनकी खोज खबर नहीं ली चलो मान लिया कि राजनेता तो मतलबी होते है लेकिन कम से कम चेले चपाटियों को तो अपने बाबा से मुलाकात करने जाना था लेकिन उन लोगों ने भी अपनी आँखे नटेर लीं , बेचारे मिर्ची बाबा सुबह से इन्तजार करते रहते हैं कि कोई तो मुलाकाती उनसे मिलने आएगा लेकिन रात हो जाती है कोई नहीं आता, वैसे मिर्ची बाबा को इसमें रंज नहीं करना चाहिए ये तो इस दुनिया की रीत है जब तक आप पावर में हो आपके ÷लग्गू भग्गू÷ आपके पीछे घूमेंगे जैसे ही आप पावर विहीन हो जाओगे उनका पता भी नहीं चलेगा कि वे सब कांहा गायब हो गए द्य बाबा तो दूसरों का भाग्य वांचते थे अपना भाग्य नहीं वांच पाए कि बुढ़ापे में ऐसे दिन देखने पड़ेंगे, अपनी तो मिर्ची बाबा को एक ही सलाह है कि जो कुछ हाथ की लकीरों में लिखा है उसको ईश्वर की इच्छा समझ कर भोग लो, समय का कोई भरोसा तो है नहीं कब अच्छा आ जाए, इन्तजार करो अच्छे वक्त का और इसके अलावा चारा भी क्या है मिर्ची बाबा के पास, लेकिन एक बात अपन उन राजनेताओ और चेले चपाटियों से भी कहना चाहते हैं कि कुछ करो ना करो एक बार मुलाक़ात करने तो जेल तो चले जाओ द्य

टिड्डो से डर गया अमेरिका

अपन तो अमेरिका को बड़ा दमदार देश मानते थे और माना भी जाता है कि वो दुनिया की महाशक्ति है लेकिन अब पता लगा कि अमेरिका तो बहुत ही फटियल देश है सुना है पूरा देश ÷टिड्डो÷ से डर गया है पूरी आबादी टिड्डों से परेशान है उसने लोगो से मदद मांगी है की किसी तरह इन टिड्डो से देश को बचाओ, अब जो देश टिड्डो से डर रहा हो वो महाशक्ति कैसे हो सकता हैद्य अपन ने बचपन में तो पच्चीसो टिड्डो को पकड़ पकड़ कर उनके पैरो में धागा बांधकर उन्हें उड़ाया है बचपन में तो सबसे ज्यादा मजा इसी खेल में आता था जब पतंग की तरह टिड्डा ऊपर उड़ता था तब बच्चे शर्त लगाते थे कि किसका टिड्डा ज्यादा ऊपर जाता है अब बताओ जिन टिड्डो को इंडिया के बच्चे उसके पैर में धागा बांधकर उड़ाया करते थे उन टिड्डों ने अमेरिका की ऐसी तैसी कर दी है द्य अपनी तो अमेरिकी सरकार को एक ही सलाह है कि इंडिया के गांव के एकाध सैकड़ा बच्चों को अपने देश बुला लो, तमाम टिड्डो के पैर में धागा बांधकर उन्होंने उनको आसमान में न उड़ा दिया तो कहना, और दूसरी बात अब अपने को महाशक्ति कहना बंद कर दो द्य

कितने टाइगर हो गए प्रदेश में

बीजेपी के एक नेता है ÷प्रीतम लोधी÷ पता नहीं क्या सूझा लगे ब्राह्मणों को गाली देने, लेकिन ये भूल गए कि आजकल तो वीडिओ और आडियो का जमाना है देखते ही देखते भाई साहेब का वीडिओ वायरल हो गया जिसमें वे ब्राह्मणों के बारे में अनाप शनाप बक रहे थे, बस क्या था विरोध शुरू हो गया द्य पार्टी को पता चला तो पार्टी ने बुलाकर स्पष्टीकरण माँगा और जैसा हर नेता कहता है कि उनके बयान को तोड़ मरोड़ कर पेश किया गया है उनने भी कह दिया पर पार्टी ने उनकी एक न सुनी और पार्टी से निष्कासित कर दिया, उसके बाद भी प्रीतम जी झुके नहीं और एक बयान सामने आ गया कि ÷हारी हुई बाजी जो पलट दे उसे बाजीगर कहते है और अभी टाइगर जिन्दा है÷ अभी तक तो अपने को ये मालूम था कि अपने मामा जी और ज्योतिरादित्य सिंधिया ही टाइगर थे अब ये एक नया टाइगर और मार्किट में आ गया द्य लोग बाग कह रहे है कि प्रदेश में टाइगरों की संख्या कम होती जा रही है इधर नए नए टाइगर सामने आ रहे हैं,द्य जब से सलमान खान की फिल्म ÷टाइगर अभी जिंदा है÷ रिलीज हुई है हर नेता अपने आप को टाइगर बताने में जुटा हुआ है अब देखना ये है कि और कितने नए टाइगर मध्यप्रदेश की धरा में जन्म लेते है इन्तजार रहेगा और भी टाइगरों का द्य

विमान में लो बरसात का मजा

जबलपुर के एक उद्योगपति है ÷कमल ग्रोवर÷ भाई जी ÷स्पाइस जेट÷ के विमान से मुंबई से जबलपुर आ रहे थे विमान में प्रवेश किया और जैसे ही अपनी सीट पर बैठे तो अचानक निगाह ऊपर गयी जैसे किसी पुराने मकान की छत से बरसात का पानी चूता है वैसा ही पानी स्पाइस जेट के उस विमान की छत से चू रहा था, ग्रोवर जी को गुस्सा आ गया केप्टिन को बुलाया पर कैप्टेन आने तैयार नहीं थे एयर होस्टेज ने कहा नाराज मत होइए सीट बदल लीजिये । जब से अपन ने ये खबर सुनी है तब से स्पाइस जेट से यात्रा करने वालों को अपनी एक ही सलाह है कि जब भी बरसात में स्पाइस जेट की फ्लाइट में जाओ या तो बरसाती पहन कर विमान में चढ़ो या फिर साथ में छाता लेकर जाओ , वैसे ग्रोवर साहेब को आसमान में बरसात का मजा देने की जो व्यवस्था स्पाइस जेट वालों ने की थी उसका आनंद भाईसाहब उठा नहीं पाए द्य अरे पानी ही तो था समझ लेते कि घर की छत पर बैठे हैं और फिर बरसात के पानी से एक बार नहाने के लिए तो तमाम लोग कहते हैं अपने बड़े बूढ़े कह गए हैं कि कि बरसात के पानी से नहाने से त्वचा के रोग दूर हो जाते हैं, अपने को तो समझ में नहीं आता कि ग्रोवर साहेब पानी की इन टपकने वाली ÷अमृत बूंदो÷ से इतना क्यों डर गए, बेहतरीन भीगते हुए आते घर जाकर नहाना भी नहीं पड़ता, रहा सवाल स्पाइस जेट का तो बरसों पुराने विमान है छत पर जंग लग कर बड़े बड़े छेद हो गए होंगे सो उसमें से पानी चू रहा था , आपको तो विमान के कप्तान और एयर होस्टेज के साहस की दाद देना चाहिए जो उस टपकते हुए विमान में रोज यात्रा कर रहे हैं।

सुपर हिट ऑफ़ द वीक

÷सुनो, तुमने मुझमें ऐसा क्या देखा था जो मुझसे शादी के लिए हां कर दी÷. श्रीमान जी ने श्रीमती जी से पूछा

÷मैंने बालकनी से आपको एक-दो बार बर्तन साफ करते हुए देखा था÷. श्रीमती जी ने भोले पन से बतला ही दिया।

इच्छाओं को समर्पित करते जाओ

सभी इच्छाएं खुशी के लिए होती हैं। इच्छाओं का लक्ष्य ही यही है। किंतु इच्छा आपको कितनी बार लक्ष्य तक पहुंचाती है? इच्छा तुम्हें आनंद की ओर ले जाने का आभास देती है, वास्तव में वह ऐसा कर ही नहीं सकती। इसीलिए इसे माया कहते हैं। इच्छा कैसे पैदा होती है? किसी सुखद अनुभव की स्मृति या भूत के प्रभाव से इच्छा पैदा होती है। कुछ सुनने से भी इच्छा जागृत हो सकती है या किसी विशेष स्थान या व्यक्ति के संपर्क से। किसी और व्यक्ति की जरूरत या इच्छा भी तुम्हारी अपनी इच्छा के रूप में पैदा हो सकती है। मान लो कोई भूखा है, तो तुम्हें उसे खिलाने की इच्छा हो सकती है, या कोई तुमसे बात करना चाहता हो तो तुम्हारी भी उससे बात करने की इच्छा हो सकती है। कभी-कभी नियति या कोई घटना जिसमें तुम्हें भाग लेना है, तुममें इच्छा जाग्रत करती है, पर तुम अपने कृत्यों का कारण नहीं जानते। इच्छाएं अपने आप उत्पन्न होती हैं, वे तुमसे पूछकर नहीं आतीं। जब इच्छाएं उत्पन्न होती हैं, तुम उनका क्या करते हो? यदि तुम सोचते हो कि तुम इच्छाहीन हो जाओ, तो यह भी एक और इच्छा है। मैं एक उपाय बताता हूं- सिनेमा देखने के लिए टिकट खरीदनी पड़ती है और यह टिकट प्रवेश द्वार पर देनी पड़ती है। यदि तुम उस टिकट को पकड़े रखोगे तो अंदर कैसे जाओगे? उसी प्रकार, यदि तुम किसी कॉलेज में दाखिल होना चाहते हो तो आवेदन पत्र की जरूरत है। उसे भरकर जमा करना पड़ता है। उसे पकड़कर नहीं रख सकते। इसी प्रकार जीवन-यात्रा में भी अपनी इच्छाओं को पकड़कर मत रखो, उन्हें समर्पित करते जाओ। जैसे-जैसे समर्पण करते जाओगे, इच्छाएं भी कम उत्पन्न होंगी। सौभाग्यवान वे हैं जिनमें इच्छा

रोजगार की आजादी तो मिली ही नही,गुलामीयत बरकरार है!

डॉ श्रीगोपाल नारसन

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत राष्ट्रभक्ति के तहत नाच गाना ,भाषण तो बहुत हो गए।लेकिन बेरोजगारी से जूझ रहे युवाओं को रोजगार नही मिला।आजादी के अमृत महोत्सव का जश्न अभी 15 अगस्त 2023 तक चलेगा।जिसपर 110 करोड़ रुपये केंद्र सरकार द्वारा आवंटित किए हैं। जबकि राज्य सरकारों द्वारा भी इस महोत्सव के लिए करोड़ो रुपयों का भारी भरकम बजट अलग से निर्धारित किया गया है।आजादी का अमृत महोत्सव की आधिकारिक यात्रा 12 मार्च, सन2021 को गुजरात की साबरमती से शुरू हुई थी, जो 15 अगस्त, सन 2023 को एक वर्ष के बाद समाप्त होगी। शुरुआत के बाद से 270 दिनों में 150 से अधिक देशों जहां जहां भी भारतीय मूल के लोग रहते है, 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में 13000 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं।इस शताब्दी और वर्षगांठ योजना के लिए परिव्यय को 5 वर्ष की अवधि में बढ़ाकर 980 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव है, वर्ष 2022-23 के लिए 380 करोड़ रुपये का प्रस्ताव अभी विचाराधीन है। 2021-2022 के लिए अनुमोदित संशोधित परिव्यय (2665.00 करोड़ रुपये) के मुकाबले 3009.05 करोड़ रुपये है। इस परिव्यय में वित्तवर्ष 2022-23 के दौरान 2 संलग्न कार्यालयों, 6 अधीनस्थ कार्यालयों, 34 केंद्रीय स्वायत्त निकायों और मंत्रालय की योजनाओं के प्रावधान शामिल हैं। वित्तवर्ष 2022-23 में वार्षिक परिव्यय वित्तवर्ष 2021-22 में संशोधित वार्षिक परिव्यय से 13 प्रतिशत अधिक है।इस बाबत एएसआई को 1080.34 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।वित्तवर्ष 2022-23 में मंत्रालय की मध्य क्षेत्र की योजनाओं के लिए 532.55 करोड़ रुपये (9 प्रतिशत) आवंटित किए गए हैं, जिसमें कला संस्कृति विकास योजना, संग्रहालय का विकास, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, शताब्दी और वर्षगांठ समारोह योजना और पुस्तकालयों और अभिलेखागार का विकास शामिल है।

इस महोत्सव की एक महत्वपूर्ण कड़ी है %हर घर तिरंगा% अभियान। देशभर में बाजार के अंदर व 115 लाख डाक घरों में राष्ट्रीय ध्वज की बिक्री व्यापक स्तर पर हुई है। एक कारोबारी ने बताया, ÷डिमांड में 100 गुना तक बढ़ोतरी हुई है। जो लोग छपाई से जुड़ा कोई भी काम कर रहे थे वे इस बार हर काम छोड़ कर बस तिरंगा बनाने में जुटे रहे ।÷ तिरंगा की मांग इतनी ज्यादा की जा रही है कि उसे बनाने वाले कारीगर कम पड़ गए हैं. कई दुकानदारों ने तो नया ऑर्डर लेने से ही इंकार कर दिया है। तिरंगा की बढ़ती मांग को देखते हुए दुकानदारों ने बाजार में झंडों की बुकिंग तक बंद कर दी थी। इस बार बाजार में कागज के तिरंगा की बजाय कपड़े के तिरंगा की मांग ज्यादा है, दुकानदार खुद भी तिरंगा कम पड़ने से निराश हैं और ग्राहकों को भी तिरंगा नहीं मिलने से निराश होकर लौटना पड़ रहा है। वहीं, मांग बढ़ने और उसकी सप्लाई कम होने के कारण दिल्ली समेत देशभर में तिरंगा के दाम बढ़ गए हैं। एक अनुमान के मुताबिक इस महोत्सव में देशभर में लगभग 6 करोड़ राष्ट्रीय ध्वज बीके है।अकेले डाकघरों में इन ध्वजों की बिक्री लगभग ढाई लाख है जिनमे डेढ़ लाख ध्वज ऑन लाइन बिके तो एक करोड़ से अधिक सीधे डाकघरों की विंडो से बेचे गए।सरकारी स्तर पर ध्वज की कीमत 25 रुपये है जबकि खुले बाजार में राष्ट्रीय ध्वज 50 रुपये से 100 रुपये तक बिका।अभी तक राष्ट्रीय ध्वज गांधी आश्रम से ही खादी का बना मिलता था।जिसकी गुणवत्ता भी थी।लेकिन इस बार पॉलिएस्टर के ध्वज गुणवत्ता में खादी के मुकाबले कही नही टिकते।खादी का एक ध्वज के बराबर पोलियस्टर के 20 ध्वज है।जिसकारण ध्वज की गरिमा बनाये रखना भी चुनौती पूर्ण है।भारतीय ध्वज संहिता के खंड 2.2 के अनुसार, यदि तिरंगा झंडा क्षतिग्रस्त हो या बदरंग हो जाए या फिर कट फट जाए तो उसे अलग ले जाकर पूरी तरह नष्ट कर देना चाहिए।यानी एक तरह से जलाकर या फिर किसी ऐसे तरीके से, जिसमें कि राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा को कोई ठेस ना पहुंचे। तिरंगे झंडे को पवित्र नदी में जल समाधि भी दी जा सकती है।फटा या गंदा तिरंगा झंडा फहराना अपराध है अगर कोई ऐसा करता है तो उसे 3 साल की सजा हो सकती है।स्वतंत्रता दिवस या अन्य किसी राष्ट्रीय पर्व पर स्कूलों में बच्चे कागज के तिरंगा लेकर जाते हैं।तिरंगे झंडे को लेकर कड़े नियम हैं।

पानी का धन पानी में नाक कटी बेईमानी में

सूडोकु नवताल- 6170

✶✡✡✡✡ सरल

3				8				9
		8	6		9	5		
6	5			4			7	1
	4						2	
1	2			6			9	8
		6	4		5	8		
9				1				7

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6169 का हल

8	2	4	3	9	7	5	1	6
3	5	6	1	4	2	7	8	9
1	9	7	6	5	8	2	3	4
9	6	2	5	8	3	1	4	7
5	3	1	4	7	9	8	6	2
4	7	8	2	1	6	9	5	3
2	8	3	9	6	1	4	7	5
6	1	5	7	2	4	3	9	8
7	4	9	8	3	5	6	2	1

डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन

(कारम बांध टूटने के सन्दर्भ में)

ऐसा कहा जाता हैं की दुनिया में जल न होता तो हम जल रहे होते। पानी उतारना यानी बेइज्जती, पानी के बहुत नाम हैं संस्कृत में और हिंदी में पर सरकारी तंत्र में पहले सिंचाई विभाग था जिसे जल संसाधन विभाग बना दिया गया। यानी जल धन का साधन हैं। यह सुगम साधन हैं। जैसे नल प्रदाय विभाग में कम पानी होने से जल संकट होने से जल प्रदाय नहीं किया जाता हैं और अधिक जल होने पर भी जल प्रदाय नहीं किया जाता हैं। जल महिमा धन से भरी पडी हैं।

जल के संसाधन से वर्तमान में सरकार के साथ आम जन /नागरिक प्रभावित हैं वह भी अनेकों प्रकार से। गर्मियों में जल की कमी दो प्रकार से होती हैं एक प्राकृतिक और दूसरी मानवकृत। प्राकृतिक से मतलब बरसात में जल का संचय समुचित ढंग से न करना और मानवकृत यानी ग्रामपंचायत, जनपदपंचायत, जिला पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम में पदासीन चुने हुए या प्रमुखों के कृपा पात्र ठेकेदार जिनको जल प्रदाय का सुअवसर मिल जाता हैं और उसी समय जल ही जीवन हैं के साथ धन संचय का पुण्य पर्व शुरू हो जाता हैं। जल प्रदाय का मायाजाल बहुत बड़ा जंजाल होता हैं उसके लिए पृथक से एक खंड होता हैं जिसमे नवनिर्माण के साथ टूट फुट का बहुत बड़ा योगदान होता हैं। इसी के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग भी बराबरी से कंधा से कंधा मिलाकर

अतिसार, प्रवाहिका, मोतीझिरा, पीलिया आदि रोगों को बढ़ाकर नर्सिंग होम, चिकित्सालय, चिकित्सकों को भी सेवा करने का अवसर देता हैं क्योकि जाल इतना बड़ा होता हैं की विभाग को नहीं पता रहता हैं, क्योकि जल -मल लाइन रेल की पटरी जैसे समान्तर चलती हैं और कहीं कहीं एक ही पटरी में रहती हैं।

जल प्रदाय का महत्वपूर्ण कार्य भवन, सड़क, पुल, पुलिया निर्माण में होता हैं जो भी ठेकेदार का लिए अन्य आय का स्रोत होता हैं जिसमे अधिकारयों का संसाधन निहित रहता हैं। वर्तमान में अधिक जल वृष्टि के कारण लोक निर्माण विभाग यानी सड़क निर्माण विभाग के पाव बारह होते हैं। क्योकि सड़क निर्माण में सीमेंट डामर की जगह जल का प्रयोग किया जाता हैं तब बरसात में पानी से पानी का मिलन होने से सड़क सरक जाती हैं और कहीं कहीं सड़क नहीं दिखती पर गांव में मुरम की सड़क और वन विभाग की सड़क सदा सुहागन रहती हैं, वह चलती रहती हैं। वह अतिवृष्टि से संभवतः अप्रभावित होती हैं, क्योकि जल थल की दोस्ती होती हैं।

इस समय अतिवृष्टि से बेचारे बांधों की स्थिति नाजुक होने से निर्माणकर्ताओं की पोल खुल रही हैं। क्या करे इसी क्षेत्र में आने के लिए बड़े बड़े इंजिनयर पानी जैसा पैसा बहा कर पदस्थापना कराते हैं। जल संसाधन विभाग में कार्य बटवारे के साथ धन बटवारा पूरी निष्ठां और ईमानदारी से होता हैं और किया भी जाता हैं। इसमें प्रदेश मुखिया से सबसे छोटा चौकीदार भी भागीदार होता हैं और चौकीदार बहुत महत्वपूर्ण कड़ी होता हैं। उसकी अनुकम्पा से ही सामग्री का आदान प्रदान होता हैं। यहाँ में स्पष्ट करना चाहूंगा चौकीदार प्रधान सेवक नहीं, विभाग या बाँध का चौकीदार।

क्या करे स्वतंत्र भारत में नेताओं, अधिकारीयों, कर्मचारियों, व्यापारियों की खूब भूख बढ़ चुकी हैं विचारों को अब विचार नहीं रहा की कितना खाये। असीमित खाने की आदत होने से अजीर्ण होता हैं तब ई डी,सी. बी. आई, इनका इलाज़ करती हैं

पर बांध निर्माण में मंत्री, इंजिनयर ठेकेदार सब मौसेरे भाई रहते हैं। इस साठगांठ में कोई प्रकार का समझौता नहीं होता और क्यों हो। बनते बनते बांध सब बन जाते हैं। कारण यहाँ पर पूरी बात खुली होती हैं की रूपया का काम में दस या बारह आना खर्च होना चाहिए। क्योकि एक बार यही मजबूत बन गया तो आगे उसकी देखरेख के लिए भी खाना खुराक मिलते रहना चाहिए, अब जब बाँध बेचारा ढह गया और जिनके लिए, जिनके उपयोग के लिए बनाया गया था।

नय्यारा नूर: अनासक्त गायिका

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

पाकिस्तान की प्रसिद्ध गायिका नय्यारा नूर (71) का रविवार को निधन हो गया। सारे पाकिस्तान के अखबार और चैनल उनके शोक-समाचार से भरे हुए हैं। नय्यारा नूर से मेरी पहली मुलाकात 1981 में हुई थी। जनवरी 1981 में जब मैं काबुल में प्रधानमंत्री बबरक कारमल से मिलने जा रहा था तो राजमहल के ड्राइवर ने कार में एक हिंदी गजल चला दी। मैंने उससे फारसी में पूछा कि यह पठान या ताजिक गायिका इतनी अच्छी हिंदी-उर्दू गजल कैसे गा रही है? उसने बताया कि यह महिला अफगान नहीं, पाकिस्तानी है और इसका नाम नय्यारा नूर है। उसी साल मेरा पाकिस्तान भी जाना हुआ, 'इंस्टीट्यूट ऑफ स्ट्रेटिजिक इंस्टीट्यूट' के निमंत्रण पर। उस समय पाकिस्तान के लगभग सभी सत्तारुढ़ और विरोधी नेताओं से मेरा मिलना हुआ लेकिन मेरी बड़ी इच्छा थी कि कुछ वक्त मिले तो मैं नय्यारा नूर से जरुर मिलूं। उन दिनों नूरजहां और मलिका पुखराज जैसी वरिष्ठ गायिकाओं का सिक्का बहुत जमा हुआ था। उनसे भेंट के बाद नय्यारा से संपर्क करके मैं लाहौर में उनके घर पहुंचा तो मुझे ढूंढते-ढूंढते मेहदी हसन भी वहां आ पहुंचे। वे जयपुर के थे। मैंने बताया कि मेरे दादा-परदादा खाटू के थे तो वे मुझसे मारवाड़ी में बात करने लगे। नय्यारा के पति शहरयार जैदी लखनऊ के थे। हम चारों भारतीय मूल के लोग आपस में इतने रम गए कि जैसे बरसों से दोस्त रहे हों। नय्यारा नूर गुवाहाटी में 1950 में पैदा हुई थीं। 8 साल बाद उनके पिता पाकिस्तान चले आए। जब नय्यारा लाहौर के कॉलेज में पढ़ रही थीं तो अचानक उनकी गायन-प्रतिभा प्रस्फुटित हो गई। वे पहले रेडियो पर गाने लगीं। फिर क्या था? उनकी बड़ी-बड़ी महफिलें सजने लगीं। टीवी चैनलों और फिल्मों में भी उनकी गजलें सुनी जाने लगीं। छोटी उम्र में ही वे बहुत प्रसिद्ध और लोकप्रिय होने लगीं। उन्होंने मीर, गालिब, फैज़ और कई शायरों की गजलें गाईं। उन्हें कई सम्मान और पुरस्कार मिले। लेकिन मैंने जो सज्जनता और सरलता उनमें और उनके पति जैदी साहब में पाई, वह बहुत कम भारतीय और पाकिस्तानी कलाकारों में पाई। पहली मुलाकात में ही पति-पत्नी ने मेरा दिल जीत लिया। उन्होंने मुझे अपने कई कैसेट भेंट दिए, जो आजतक मेरे पास हैं और जिन्हें मैं बहुत प्रेम से सुनता हूं। पिछले 40 साल में पाकिस्तान की मेरी हर यात्रा के दौरान मेरी इच्छा रहती थी कि बहन नय्यारा से मिलूं और उनके पास बैठकर उनकी गजलें सुनूं लेकिन वे अब कराची में रहने लगी थीं। कराची जब भी जाना हुआ।

एसपी की शह पर थाने बने वसूली का अड्डा: दीपक

नगर निगम पर 100 करोड़ का कर्ज, निगम में बजट का रोना रो रहे कमिश्नर, भाजपा शासन में अधिकारी हुए मदमस्त

मुरैना। सोमवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि मुरैना जिले में प्रशासन व पुलिस द्वारा कानून व्यवस्था को पूरी तरह फेल कर दिया गया है। थाने बिके हुए हैं और बिना रुपए के फरियादियों की रिपोर्ट दर्ज नहीं होती है। शहर में लगातार लूटपाट की घटनाएं हो रही है और पुलिस फरियादियों से ही रुपया वसूल रही है। मुरैना नगर निगम पर 100 करोड़ का कर्जा छोड़ दिया गया है और नगर निगम कमिश्नर बजट नहीं होने का रोना रो रहे है, जबकि शहर की व्यवस्था पूरी तरह डावाडोल है। उन्होंने मुरैना कलेक्टर एवं एसपी को तुरंत हटाने की मांग की है और कहा है कि इन दोनों की मानसिक स्थिति सरकार के हिसाब से गुलामी करने की है, जिसके चलते शहर की कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त पड़ी हुई है। श्री शर्मा ने प्रेस वार्ता में कहा कि एसपी की शह पर मुरैना जिले के सभी थाने वसूली का अड्डा बन गए हैं और आने वाली वसूली का हिस्सा अधिकारियों और सांसद तक को जा रहा है, जनता ध्वस्त पड़ी कानून व्यवस्था से त्राहि-त्राहि कर रही है। उन्होंने भाजपा शासन में भाजपा नेता और अधिकारियों पर तमाम संपत्ति भ्रष्टाचार से अर्जित करने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम का खजाना पूरी तरह खाली पड़ा है और 100 करोड़ का कर्ज नगर निगम पर भाजपा नेता छोड़ गए हैं। कांग्रेस की महापौर श्रीमती शारदा राजेंद्र सोलंकी को जनता ने अपना आशीर्वाद दिया और उन्हें आशा थी कि वह शहर को बदलने का प्रयास करेंगे, परंतु भाजपा शासन में मदमस्त अधिकारियों ने नगर निगम को दीमक की तरह चाट लिया है। उन्होंने बताया कि नगर निगम में 1641 सफाई कर्मचारी भर्ती किए गए हैं, लेकिन शहर की सफाई व्यवस्था ध्वस्त पड़ी हुई है। उन्होंने बताया कि तमाम सफाई कर्मचारी भाजपा नेताओं एवं अधिकारी कर्मचारियों के बंगलों, गाड़ियों पर ड्राइवरी, माली एवं चपरासी का कार्य कर रहे हैं। कांग्रेस की महापौर एवं सभापति द्वारा नगर निगम के अधिकारियों कर्मचारियों से जानकारी जुटाई जा रही है और यही पता लगाया जा रहा है कि कौन किस पद पर पदस्थ है और क्या काम कर रहा है, जो लोग जिस पद पर पदस्थ हैं उनसे वही काम कराया जाएगा। उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने बताया कि कोरोना काल में जब पूरा देश बंद था और लोग सड़कों पर भी नहीं निकल रहे थे, उस कोरोना काल में नगर निगम मुरैना द्वारा 80 करोड़ के निर्माण कार्य करा दिए गए, यही नहीं एक- एक काम फाइलो में 10-10 बार कराया गया है, इसके बाद भी मुरैना शहर के किसी भी इलाके में चले जाओ, सड़कें टूटी हुई पड़ी है, जगह-जगह गड्ढे हो रहे हैं, आम जनता मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। उन्होंने तहसील में पटवारियों द्वारा मचाए जा रहे भ्रष्टाचार पर भी आक्रोश व्यक्त किया और कहा कि तहसीलदार एवं एसडीएम की मंशा के अनुरूप जमकर भ्रष्टाचार मचा हुआ है। पटवारी बिना रुपए के आम जनता का कोई भी कार्य नहीं कर रहे हैं, जिससे शहरी एवं ग्रामीण जनता बुरी तरह परेशान है। मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार के मुखिया शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में पूरा प्रदेश भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। प्रेस वार्ता किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुर्जर महापौर श्रीमती शारदा राजेंद्र सोलंकी, सभापति राधारमण डंडोतिया, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश यादव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेश कथूरिया, जितेन्द्र डंगस, हरिओम राजौरिया आदि उपस्थित थे।

कांग्रेस पदाधिकारियों ने किया अस्पताल का दौरा तो मिली खामियां

रविवार की शाम को महापौर श्रीमती शारदा राजेंद्र सोलंकी, सभापति राधारमण डण्डोतिया, किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुर्जर, शहर जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, राकेश यादव पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत मुरैना सहित अन्य कांग्रेसी नेता अचानक जिला अस्पताल के निरीक्षण पर पहुंचे तो वहां गंदगी एवं बदबू देखकर उनके कान खड़े हो गए। कांग्रेस पदाधिकारियों को देखकर सफाई कर्मचारी सफाई में जुट गए। कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि अस्पताल को बढ़ा तो बना दिया, मगर व्यवस्था नहीं है। पंखे बंद पड़े हुए थे, गद्दे फटे पढ़े हैं, चादर तक बिछाने के लिए नहीं थी और और मरीज कह रहे थे कि जिन लोगों को ड्रिप चल रही है तथा ड्रिप खाली होने पर उसे निकालने वाला तक उपलब्ध नहीं होता, जब मरीज का ब्लड निकलने लगता है, तब सिरिंज निकाली जाती है। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि चादर, गद्दे, टॉयलेट साफ करने के लिए आने वाली फिनायल के नाम पर आने वाले फंड का बंदरबांट किया जा रहा है और सब गोलमाल चल रहा है। अस्पताल की अव्यवस्थाओं को देखकर कांग्रेसी नेताओं ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा।

सूने मकान का ताला तोड़कर 40 हजार की चोरी

मुरैना। सिटी कोतवाली के अंतर्गत गोपालपुरा स्थित एक मकान का ताला तोड़कर गत दिवस अज्ञात चोर लगभग 40 हजार रुपए का सामान समेट कर ले गए। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को आवेदन दिया, जिस पर से पुलिस जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोना बाई पत्नी बोगी राम 75 वर्ष निवासी वीडियो वाली गली गोपाल पुरा मुरैना सावन के चलते श्योपुर अपने भतीजे के यहां गई हुई थी और वहां से सोमवार की सुबह मुरैना अपने घर लौटी तो देखा घर का ताला टूटा पड़ा था और अंदर अलमारी से अज्ञात चोर 11 हजार कीमत का लहंगा, 10 साडी, पायल, पीतल के बर्तन, 7 हजार नगद लगभग 40 हजार रुपए का माल समेट कर ले गए। फरियादी सोनाबाई ने कोतवाली पुलिस को आवेदन देकर चोरी बरामद करने की मांग की है।

अंडर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल 20वें दिन भी जारी रही

कैलारस। नगर में ब्रॉडगेज निर्माण के कार्य में अस्पताल जाने के लिए अंडर ब्रिज बनाने की मांग पर गत 20 दिनों से भूख हड़ताल जारी है। सोमवार को भूख हड़ताल पर सलमान खान, हसन खां, नरेश जाटव, समीर खान प्रमुख रूप से रहे। बस्ती के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा उन्हें बिठाया गया है। इससे पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री, केंद्रीय कृषि मंत्री, मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन, स्थानीय विधायक आदि समस्त नेता गणों को और प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन/आवेदन प्रस्तुत किए गए हैं परंतु कोई कार्यवाही नहीं हुई है। भीषण बरसात में भी नागरिक गण प्रतिदिन भूख हड़ताल पर बैठे हैं। नागरिकों की ओर से मांग है कि तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए। साथ ही नागरिकों ने आगामी दिनों में सत्याग्रह की योजना भी बनाई है। जिस पर अमल की तैयारियां शुरू कर दी गई है। आगामी दिनों में वरिष्ठ नेता गणों को आमंत्रित किया जाएगा और सत्याग्रह किया जाएगा।

स्टेडियम में भरे पानी में बैठकर आर्मी की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों ने किया विरोध प्रदर्शन

मुरैना। जिला एवं नगर निगम प्रशासन की लापरवाही के कारण मुरैना जिले के बच्चों का भविष्य खतरे में पड़ गया है। स्टेडियम में आर्मी की भर्ती की तैयारी कर रहे सैकड़ा युवा जलभराव के कारण अपनी प्रैक्टिस नहीं कर पा रहे हैं, जबकि भर्ती में मात्र 40 दिन शेष रह गए हैं, इसको लेकर युवाओं में आक्रोश व्याप्त है और उन्होंने सोमवार को सुबह स्टेडियम के अंदर भरे पानी में बैठकर धरना प्रदर्शन कर आक्रोश जाहिर किया। पिछले 8 साल से अधिक समय से युवाओं को आर्मी की तैयारी करा रहे कोच योगेंद्र गुर्जर ने बताया कि स्टेडियम में जलभराव की समस्या को लेकर वह कई बार नगर निगम कमिश्नर से मिल चुके हैं, लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला है। बारिश का पानी तो यहां भरता ही है, लेकिन प्राइवेट एवं सरकारी बस स्टैंड का पानी भी स्टेडियम में ही पहुंच रहा है। युवाओं द्वारा अपने हाथों से कई बार मिट्टी डाली गई, लेकिन वह नाकाफी है क्योंकि हाथों से इतनी मिट्टी नहीं डाल सकते के पानी को रोका जा सके। कोच योगेंद्र ने बताया कि नगर निगम के अधिकारी केवल रुपया उगाही में लगे हुए और उन्होंने स्टेडियम में सीढ़ी के पास बनी लेडीस टॉयलेट भी तोड़ दी है, जिससे यहां प्रैक्टिस के लिए आने वाली बालिकाओं को भी टॉयलेट के लिए भटकना पड़ता है। निगम द्वारा टॉयलेट तोड़कर दुकान निकाल दी गई है, जिसका कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने बताया कि आर्मी की भर्ती में 40 दिन शेष रह गए हैं।

किसानों के हक की लड़ाई पूरी ताकत से लड़ेंगे: डंगस

मुरैना। नव नियुक्त किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह डंगस द्वारा शहर जिला कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि किसानों को समय पर खाद-बीज ना मिलने, अनाज मंडी में हो रही धांधलेबाजी, समय पर बिजली ना मिल पाना, इन सभी समस्याओं से परेशान हो रहे किसानों के हक की लड़ाई लड़ने मुरैना जिला किसान कांग्रेस हमेशा तत्पर रहेगी। उन्होंने कहा कि 4 सितंबर को दिल्ली रामलीला मैदान में भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार एवं महंगाई के खिलाफ हो रही महारैली को लेकर किसान कांग्रेस द्वारा आज 23 अगस्त को दौरा कार्यक्रम रखा है, जिसमें दोपहर 1 बजे जौरा, दोपहर 2 बजे कैलारस व दोपहर 3 बजे सबलगढ़ में मीटिंग कर होने वाले आंदोलन की तैयारियों को लेकर चर्चा करेंगे। प्रत्रकार वार्ता में मुख्य रुप से किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुर्जर, मुरैना महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी, नगर पालिका निगम सभापति राजा डण्डोतिया, शहर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक शर्मा, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग राजेंद्र प्रसाद सोलंकी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश यादव, नवनियुक्त किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह डंगस, हरिओम राजौरिया, विनोद शर्मा, अब्दुल रहमान घड़ी वाले, मनोज बघेल, कुलदीप छावई, नरेश यादव, धर्मेंद्र गुर्जर, गजेन्द्र सिंगी, रामू टुंडेलकर, दीपक सोलंकी, आकाश रावत, दुर्गेश रोजे एवं समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आचार्य आनंद टीम ने शहर के 22 वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया

सीनियर सिटीजन डे पर आनंदकों को गले लगाकर बुजुर्गों ने की दिल की बात

मुरैना। सीनियर सिटीजन डे के अवसर पर आचार्य आनंद टीम ने मुरैना शहर में 22 वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान घर-घर जाकर किया। सम्मान से अभिभूत बुजुर्गों ने आनंदकों को गले लगाकर अपने दिल की बात कही। वार्तालाप करते हुए बुजुर्ग अत्यंत भावुक भी हुए और अपने समय के अनेक यादगार पल भी शेयर किए। आचार्य आनंद टीम ने मुरैना के वरिष्ठ नागरिकों में सीनियर एडवोकेट करण सिंह जैन, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष शोभाराम बाल्मीक, शिक्षाविद डॉ शंकर सिंह तोमर, सेवानिवृत डीएसपी रमाकांत तिवारी, शिक्षाविद् गोपालदास गांधी, समाजसेवी लक्ष्मी नारायण हर्षाना, जिला स्काउट प्रशिक्षक जगदीश प्रसाद कौशिक, जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष हाजी मजीद वेग, पत्रकार रामवरन शर्मा, दादी रामरती समेत वृद्धाश्रम के वृद्धजनों सहित 22 वृद्धों का शॉल-श्रीफल से सम्मान किया। सभी बुजुर्गों को स्मृति चिह्न के रूप में हनुमान जी का तस्वीर भेंट की गई। सम्मान करने वालों में आचार्य आनंद टीम के अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश राज्य आनंद संस्थान के मास्टर ट्रेनर सुधीर आचार्य, अरविंद मावई, दुष्यंत तोमर, विश्वनाथ गुर्जर व बालकृष्ण शर्मा,मणिन्द्र कौशिक शामिल रहे।

वरिष्ठ समाजसेवी सुनहरी लाल जैन की माँ का निधन, लोगों ने दी श्रद्धांजलि

अम्बाह। जैन समाज के वरिष्ठ समाजसेवी पानी व्यवसाई सुनहरी लाल जैन की माताजी श्रीमती शांति देवी जैन पत्नी स्वर्गीय हुकम चंद जैन मुनीम का बीते रोज बीमारी के चलते निधन हो गया, वह लगभग 90 वर्ष की थी। श्रीमती शांति देवी ने अपने पुत्र सुनहरी लाल जैन की मौजूदगी में अपनी अंतिम सांस ली, वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं। अंबाह के स्वर्गधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। श्रीमती शांति देवी शुरू से ही धार्मिक कार्यो में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती थीं। समाज के हर संस्थान से उनका जुड़ाव था। पूजा पाठ और कीर्तन भजन में विशेष रुचि होने से उन्हें सबका सम्मान प्राप्त था। श्रीमती शांति देवी के मरणोपरांत जैन बगीची में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जिसमें मौजूद लोगों ने श्रीमती शांति देवी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके पुत्र सुनहरी लाल जैन की इस बात के लिए सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने तन, मन, धन से अपनी माता जी की पूर्ण सेवा की है।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष नारायण सिंह को बधाई देने पहुंचे कुशवाहा समाज के लोग

अंबाह। भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा को पिछड़ा वर्ग मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर अंबाह के भाजपा नेता एवं कुशवाहा समाज के लोग आज ग्वालियर उनके आवास पर पहुंचे, जहां पर उन्होंने नारायण सिंह कुशवाहा को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई दी।

कुशवाहा समाज के नेता पूर्व पार्षद रामविलास कुशवाहा ने कहा कि नारायण सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग मोर्चा समाज को संगठित करने का कार्य करेगा। श्री कुशवाहा ने कहा कि पूर्व मंत्री के अनुभवों का लाभ पिछड़ा वर्ग मोर्चा को मिलेगा। इस अवसर पर सभी ने मिष्ठान वितरण कर खुशियां बांटी। सभी ने नारायण सिंह कुशवाहा का शॉल-श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के पुत्र देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर रामू, सुभाष शर्मा पूर्व पार्षद, रामविलास कुशवाह, पुत्तू सिंह कुशवाह, रामबरन कुशवाहा सरपंच, ओमप्रकाश कुशवाहा सहित अनेक लोग मौजूद थे।

कोचिंग सेंटरों के पास अनावश्यक खड़े छात्रों को जितेंद्र नगाईच ने दी चेतावनी

अंबाह। शहर के 10 क्षेत्रों में संचालित 100 कोचिंग संस्थानों में 10 हजार छात्र पढ रहे हैं। सुबह से लेकर शाम तक रहने वाली छात्रों की आवाजाही के कारण इन इलाको की 25 हजार से अधिक की आबादी को परेशानी का सामना करना पढ रहा है। इतना ही नहीं, इनमें पढने आने वाली छात्राओं को भी संस्थानों के बाहर खड़े होने वाले मनचलों के कारण परेशानी होती है। कोचिंग संस्थानों के पास छात्राओं और युवतियों के साथ छेड़छाड़ की घटनाएं सामने आने पर अब पुलिस के टारगेट पर समूह में खड़े होने वाले मनचले हैं।

कोचिंग संचालकों से पुलिस ने दो टूक कहा कि अगर आपके यहां पढ़ने वाले छात्र मटरगस्ती करते पाए गए तो आप जिम्मेदार होंगे, इसलिए कोचिंग में आने वाले छात्रों को स्पष्ट निर्देश दें कि कोचिंग से छूटने के बाद सीधे घर जाएं, न कि कोचिंग संस्थानों के पास खड़े रहें। पोरसा रोड क्षेत्र, हाथी गड्ढा, राठी वाली गली, नगर पालिका चौराहा से लगातार मिल रहीं शिकायतों के बाद नगर निरीक्षक जितेंद्र नगाईच ने पुलिस बल के साथ ने यहां मनचलों के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग स्थानों पर झुण्ड बनाकर खड़े युवकों को समझाईश देकर बाहर का रास्ता दिखाया। साथ ही चेतावनी दी कि दोबारा खड़े दिखे तो कार्रवाई करेंगे। इनमें से कुछ युवक ऐसे भी थे जो कोचिंग में पढते ही नहीं हैं, दोस्तों से मिलने के बहाने रोजाना क्षेत्र में आते हैं। सोमवार सुबह नगर निरीक्षक जितेंद्र नगाईच ने कोचिंग के पास खड़े होने वालों को पकड़ने के लिए छापा मारा। पुलिस को देखते ही अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने चाय की गुमटी और एक फास्ट फूड की दुकान पर छापा मारा तो इसमें छात्र सिगरेट पीते पकड़े गए। कोचिंग के पास दुकान चलाने वालों को पुलिस ने हिदायत दी है कि अगर दुकान पर भीड़ लगी दिखी तो दुकान संचालक पर भी कार्रवाई होगी।

'खुदखुशी आख़री रास्ता नहीं'

ज़िंदगी से जूझते आख़िर क्यूँ हार जाती है लड़कियाँ ससुराल वालों की प्रताड़ना के आगे, और खुदकुशी करके मौत को गले लगा लेती है। लानत है ऐसे समाज पर जहाँ बेटियां सुरक्षित नहीं। समाज के लिए ये बहुत ही सोचनिय और निंदनीय मुद्दा है। कहने भर को हम खुद को खुले ख़यालात वालें कहते है, इक्कीसवीं सदी का राग आलापते रहते है, पर क्या समाज बहू को वो हक और सम्मान दे पाया जिनकी वो हकदार है? आज भी दहेज के लिए या किसी न किसी बहाने कुछ लोग बहूओं का शोषण करते ही रहते है। किसीके जिगर के टुकड़े को क्या हंसी खुशी इसलिए ब्याह कर ले आते हो कि एक दिन आपके दमन के आगे घुटने टेक कर फूल सी बच्ची समय से पहले ही इस हसीन दुनिया को अलविदा करते चली जाए। क्यूँ रूह नहीं काँपती ऐसे लोगों की।

मौत को गले लगाने से पहले हर बेटी को एक बात याद रखनी चाहिए कि ज़िंदगी एक बार ही मिलती है, बहुत अनमोल है। यूँ ऐसी घटिया मानसिकता वाले लोगों के लिए इतना बड़ा बलिदान मत दो। आप तो हार कर मौत के मुख में चले जाओगे, ऐसे लोगों को कोई फ़र्क नहीं पड़ता। आप जान से हाथ धो बैठते हो। पीछे आपके माँ बाप को तड़पता छोड़ जाते हो।

ज़िंदगी एक नहीं अनेक मौके देती है, कमज़ोर होकर मौत की राह मत चुनों। तुम्हें क्यों आज भी अपने पिता, भाई और पति पर निर्भर रहना है। क्यों तुम्हें जीने के लिए किसी पुरुष के सहारे की जरूरत है। तुम खुद के लिए काफी हो। हर इंसान के भीतर सैकड़ों हुनर छुपे होते है बस आपको यह महसूस करने की जरूरत है। तुम्हें अपने लिए जीना शुरू करना होगा, क्योंकि नई शुरुआत करने में देर कभी नहीं होती, जब आँखें खोलो तब सवेरा होता है। इसलिए जिंदगी में कितनी भी मुसीबत क्यूँ ना आ जाए, हिम्मत मत हारो।

जब भी खुदकुशी करने वाला कमज़ोर खयाल आए एक बार शांति से सोचो कि क्या यही आखरी रास्ता बच गया है?

बिल्कुल नहीं एक रास्ता बंद होता है तो सौ रास्ते खुले हुए होते है। सबसे पहले अपने माँ बाप को अपनी तकलीफें बताओ, सलाह मशवरा करों, पुलिस की मदद लो या आज हज़रों संस्थाएं ऐसी है जो आपको हर तरह की मुश्किलों में सही राह दिखाकर कमाई का ज़रिया भी बताती है। दमन सहकर खुदकुशी की राह मत अपनाओ लात मारो दमन करने वालों को और अपना आसमान खुद ढूँढकर अपनी ज़िंदगी अपने तरीके से जीओ। मौत ही एक रास्ता नहीं ज़िंदगी से बड़ी परिस्थितियां या मुश्किल नहीं होती। ज़िंदगी ईश्वर का दिया हुआ बहुत सुंदर उपहार है यूँ मत गंवाओं।

हर माता-पिता का फ़र्ज़ बनता है अपनी बेटी ससुराल में किस परिस्थिति में निर्वाह कर रही है ये जानने का। बेटी के मानसिक हालात के बारे में जानना चाहिए और ससुराल वाले किस तरह रखते है ये कुछ-कुछ समय के बाद पता करते रहना चाहिए। अगर बेटी कोई शिकायत करती है तो नज़र अंदाज़ बिलकुल ना करें, परिस्थिति का हल निकालने का हर संभव प्रयास करें ससुराल वालें और बेटी को आमने-सामने बिठाकर भी बातचीत करें और परिस्थिति का हल निकालने की कोशिश करें।

आत्महत्या के मामलों से जुड़ा एक बड़ा तथ्य यह भी है कि ये रास्ता इख़्तियार करने वाले लोगों की बातों या बर्ताव में अवसाद के कुछ लक्षण देखे जाते हैं, जो वास्तव में संकेत होते हैं कि इंसान कितना डिप्रेशन में है। लेकिन घरवाले इस बात को दरकिनार करते है या तो ये कहते हाथ उपर कर लेते है कि ये तुम्हारे घर का निजी मामला है थोड़ा बहुत चलता रहता है, एडजस्ट करना सीखो, ऐसे में बेटी कहाँ जाएगी। मेहरबानी करके बेटी की फ़रियाद सुनों उसे हौसला दो कि हम तुम्हारे साथ है। और अगर बेटी ससुराल वालों से तंग आकर आपके घर आती है तो उसे सहज महसूस करवाओ। बेटी को ये न लगे कि वो बोझ है। उसकी मनोदशा को समझो और हर लिहाज से बेटी का साथ देते उसके साथ खड़े रहो। आख़िर क्यूँ बेटीयों के हिस्से ही ये सब सहना आता है ? क्यूँ ससुराल वालों की अंतरात्मा इज़ाज़त देती है किसीकी बेटी को प्रताड़ित करने की। क्यूँ बहू को बेटी का दर्जा नहीं दे पाते क्यूँ एक पति अपनी पत्नी को अपनी प्रॉपर्टी समझते कठपुतली सी नचाता रहता है। दहेज के पैसे कितने दिन चलेंगे क्या पैसे किसीकी जान से ज़्यादा किंमती होते है कि जिसके लिए बहू को मरने पर मजबूर कर दो। आख़िर कब तक ये मसला चलता रहेगा, बहू घर की लक्ष्मी होती है खुश रहेगी तो ईश्वर भी खुश हेगा। बहू को उनका सही स्थान दो और जिस सम्मान की हकदार है वो खुशी-खुशी दो। बेटी सा प्यार दो, क्यूँ बच्चीयों को खुदकुशी करने पर मजबूर करते हो। संसार रथ की धुरी है पत्नी, इज्जत दो।

भावना ठाकर %भावु% बेंगलोर

भाजयुमो मंडल अध्यक्ष नीरज पांडेय मनोनीत

दैनिक पुष्पांजली टुडे

अटेर । भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा की अनुशंसा से भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं युवा मोर्चा प्रभारी कविता पाटीदार एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पंवार के निर्देशानुसार भाजपा जिला अध्यक्ष नाथूसिंह गुर्जर की सहमति से भाजयुमो जिलाध्यक्ष विक्रांत सिंह कुशवाह ने अपनी नवीन कार्यकारिणी जारी की है, जिसमें नीरज पाण्डेय को सुरपुरा मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है। नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष नीरज पाण्डेय ने वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने पार्टी ने मुझे जो दायित्व सौंपा है मै पूरी निष्ठा और समर्पण भाव से भाजयुमो को मजबूती प्रदान करने को लेकर कार्य करूँगा। वहीं नीरज पाण्डेय को मंडल अध्यक्ष बनाये जाने पर

उनके पार्टी कार्यकर्ताओं, मित्रों और उनके चाहने वालों ने श्री पाण्डेय को बधाइयाँ दीं, बधाई देने वालों में अशोक भारद्वाज, रमेश पाठक, विकास शर्मा, शैलेन्द्र भदौरिया पूर्व मंडल अध्यक्ष, श्याम सुंदर शर्मा, अवधेश शर्मा, अतुल पाठक, लोकेन्द्र शर्मा, मोहित भदौरिया, अखलेश त्रिपाठी, राजीव बरुआ, शिरोमणि तोमर देहरा, जितेंद्र पाण्डेय जनोरा, पवन भारद्वाज जनोरा, गिरिराज पाण्डेय (राज), पंकज मिश्रा, संतोष पाण्डेय, कृष्ण कांत शर्मा, सोनू करसोलिया, बंटी शर्मा आदि सैकड़ों चाहने वालों ने बधाइयाँ दी।

टीकमगढ़ में जोरदार बारिश से हाल- बेहाल :

टीकमगढ़- बानपुर रोड पर पेड़ गिरने से यातायात बाधित जल शोधन केंद्र की 33 हजार केवी विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त अब तक 23 इंच हो चुकी बारिश

सुनील कुमार अहिरवार

टीकमगढ़ जिले में बीते 24 घंटे से रुक रुक कर बारिश का दौर जारी है। पिछले 24 घंटे के दौरान जिले में 39.1 औसत यानी 1.5 इंच से ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गई है। बारिश के साथ तेज हवाएं चलने से रविवार रात टीकमगढ़ - बानपुर रोड पर कई पेड़ सड़क पर गिर गए। जिससे यातायात कई घंटे तक बाधित रहा। इसके अलावा बरीघाट जल शोधन केंद्र की विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त हो जाने से फिल्टर प्लांट बंद हो गया है। नगर पालिका सीएमओ ने बताया कि रविवार रात बानपुर रोड मुक्ति



धाम के पास 33 हजार केवी लाइन पर पेड़ गिर जाने से फाल्ट हो गया है। जिसके चलते शोधन केंद्र की विद्युत सप्लाई बंद हो गई है। रात में बारिश के चलते विद्युत विभाग के कर्मचारी सुधार नहीं कर सके। आज मेंटेनेंस के बाद फिल्टर प्लांट शुरू होगा । विद्युत सप्लाई बंद होने के कारण शहर में पानी की सप्लाई 1 दिन के अंतराल से की जाएगी। वही लगातार बारिश के चलते बान सुजारा बांध का जलस्तर भी बढ़ता जा रहा है। रविवार रात एक बार फिर बान सुजारा बांध से करीब 3000 क्यूमेक्स पानी छोड़ा गया। जिसके चलते बड़ागांव के पास धसान नदी का पानी पुल के ऊपर से बहने लगा है। थाना पुलिस ने पुल के दोनों ओर जवान तैनात कर आवागमन रोक दिया है।

भारी बारिश का अलर्ट, इसके चलते अंबादत्त भारतीय स्मृति पत्रकारिता सम्मान कार्यक्रम स्थगित

कार्यक्रम की अगली तारीख की जल्द होगी घोषणा

भोपाल/सीहोर।

मध्यप्रदेश के लब्ध प्रतिष्ठित पत्रकार स्वर्गीय श्री अंबादत्त भारतीय की नवम पुण्य तिथि 23 अगस्त के अवसर पर पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन होना था, लेकिन भारी बारिश के अलर्ट के कारण फिलहाल सम्मान समारोह कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। कार्यक्रम की अगली तिथि की घोषणा जल्द ही की जाएगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए अंबादत्त भारतीय स्मृति पत्रकारिता संग्रहालय एवं शोध संस्थान तथा आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री रघुवर दयाल गोहिया ने बताया कि पत्रकार सम्मान समारोह में सीहोर के अलावा आसपास के शहरों, जिलों से भी अतिथियों एवं पत्रकारों को आना था, लेकिन भारी बारिश के कारण कई जगह के रोड बंद हैं। नदी-नाले भी उफान पर हैं। ऐसे में सीहोर पहुँचने में परेशानियां आएंगी। इसके चलते फिलहाल कार्यक्रम स्थगित किया गया है। उल्लेखनीय है कि स्व. श्री अम्बादत्त भारतीय स्मृति सम्मान समारोह 23 अगस्त को सीहोर के रुकमणी गार्डन में किया जाना था। इसमें राजधानी भोपाल के वरिष्ठ पत्रकार श्री शरद द्विवेदी को राष्ट्रीय, राजगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार श्री भानु ठाकुर को राज्य स्तरीय और सीहोर के वरिष्ठ पत्रकार श्री सुमित शर्मा को जिला स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया जाना था।

म.प्र. राज्य चुनाव आयुक्त ने निष्पक्ष, भयमुक्त, चुनाव कराने हेतु मुरैना एसपी बागरी को दिया प्रशस्ति पत्र...

केशव पंडित जी अम्बाह...??

मुरैना... राज्य निर्वाचन आयोग ने मुरैना एसपी आशुतोष बागरी को त्रि स्तरीय पंचायत व नगरी निकाय चुनावो को स्वच्छ, निष्पक्ष, भयमुक्त एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए मुरैना एसपी आशुतोष बागरी को प्रशस्ति पत्र दिया है। राज्य निर्वाचन आयुक्त बसन्त प्रताप साहू के द्वारा दी गई प्रशस्ति पत्र में चम्बल में अब्बल मुरैना एसपी के कार्यकुशलता की सराहना की गई है। आयोग ने यह माना है कि एसपी एवं पूरी टीम के बेहतर परिश्रम, लगन और उत्साह से त्रि स्तरीय पंचायत व नगरी निकाय चुनाव जिले में भयमुक्त एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न हो सका। एसपी के बेहतर कार्य एवं कुशल नेतृत्व से लोकतंत्र मजबूत हुआ।



प्रशस्ति पत्र पाने के बाद एसपी बागरी ने बताया कि पूरी टीम के सहयोग से पंचायत व नगरीय निकाय चुनाव निष्पक्ष एवं भयमुक्त कराने में सफल रहा। प्रशस्ति पत्र मिलने के लिए पूरे टीम के लोग बधाई के पात्र हैं। मेरे अलावा पूरे टीम को यह प्रशस्ति पत्र जाता है। बता दें कि अम्बाह पोरसा के प्रभावित इलाके में पंचायत चुनाव को कई विकट समस्याओं को झेलते हुए बेहतर तरीके से संपन्न कराया गया यह नजीर भी दी गई कि कोई कितना भी बडा गुण्डा मबाली बदमाश आदमी क्यो न हो अगर अबैध कामो में लिप्त है तो कारबाही की जाबेगी मुरैना मे यह रिकॉर्ड बन गया कि मतदाताओ ने बिना धौस धप्पड के निर्भय होकर निष्पक्ष मतदान हुआ मुरैना जिले की जनता को भी मेरी ओर से तहदिल से धन्यबाद अगर इसी प्रकार जनता का सहयोग रहा तो आगे और अच्छे परिणामो की आशा है

सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती कैंप सह रोजगार मेला कोलारस में आयोजित

213 युवाओं में से 42 युवाओं का हुआ सुरक्षा सैनिक के पद पर चयन

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली, भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के तहत एवं मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड के द्वारा जिले के शिक्षित बेरोजगार नवयुवकों को रोजगार देने के लिए सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती कैंप आज सोमवार को आजीविका मिशन कार्यालय कोलारस में आयोजित किया गया। सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती कैंप सह रोजगार मेले का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष भरत सिंह चौहान द्वारा किया गया। अनुविभागीय अधिकारी कोलारस श्री ब्रज बिहारी श्रीवास्तव एवं जनपद सीईओ

ऑफिसर सिंह गुर्जर के द्वारा आयोजन की सराहना की गई। आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबन्धक अरविंद भार्गव एवं जिला प्रन्धक तृप्ति राय के मार्गदर्शन में यह आयोजन किया गया।

रोजगार मेले में कोलारस के विभिन्न ग्रामों से 213 युवाओं द्वारा भाग लिया गया, जिसमें से 42 युवाओं का सुरक्षा सैनिक में नाप तोल के बाद चयन किया गया। आजीविका मिशन कोलारस के विकाखखण्ड प्रबंधन संजय सिंह चौहान द्वारा युवाओं को कंपनी की विस्तृत जानकारी दी गई।

रोजगार मेले के अवसर पर आजीविका मिशन से ब्लॉक प्रबंधक संजय चौहान, एसआईएस से सुरेंद्र कुमार वरिष्ठ भर्ती अधिकारी, सहायक ब्लॉक प्रबंधक राजकुमार राठौर, रामसुशील तिवारी, आशीष, सुनील लोधी, अशोक, रामवीर, पीयूष, अशोक चंदेल सहित सीएलएफ प्रेरक भी उपस्थित रहे। अगला कैंप आज आजीविका मिशन कार्यालय बदरवास में आयोजित किया जाएगा।

पोहरी थाना मे सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई

दैनिक पुष्पांजलि टुडे अरुणखंगार

पोहरी जानकारी के अनुसार स्ट्रू राजन वी नाडिया ने बैठक में लोगों से अपील की कोई भी पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल होती है तो विवदित लाइक नहीं किया जाए और कमेंट शेयर किया जाता तो आप भी उस अपराध दायरे में आ सकते है कृपया करके हमारा निवेदन है कि ऐसी कोई भी आप आपत्तिजनक पोस्ट आती है तो ना से लाइक करेंगे ना शेयर करेंगे ना कमेंट अगर ऐसी पोस्ट जिस किसी भी ने डाली है तो हमारे सज्ञान में भी लाया जये जिससे की जिसने भी ऐसी पोस्ट डाली है समय रहते कार्रवाई की जा सके बैठक के दौरान तहसीलदार प्रेमलता पाल पोहरी थाना प्रभारी जितेंद्र चंदोलिया भटनावर चौकी प्रभारी विनोद यादव साहित आमजन एवं गणमान्य नागरिक पत्रकार उपस्थित रहे

दतिया में आज आओ हम सब मिलकर पौधे लगाएं पृथ्वी को हरा भरा करें- डॉ विवेक मिश्रा

दैनिक पुष्पांजलि टुडे की रिपोर्ट

सोमवार को सुबह 11-30 बजे भाजपा नेता डॉ विवेक मिश्रा दतिया पहुंचे और निवास पर उपस्थित आम कार्यकर्ताओं से मुलाकात की इसके पश्चात भाजपा नेता डॉ विवेक मिश्रा भाजपा कार्यालय जहाँ पर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए और भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा कार्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण किया और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नवनिर्मित भाजपा कार्यालय का निरीक्षण किया इसके पश्चात भाजपा नेता डॉ विवेक मिश्रा वार्ड क्रमांक 1झिरका बाग पहुंचे जहां पर युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष दशरथ कुशवाहा के द्वारा आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में शामिल हुए युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष दशरथ कुशवाहा ने भाजपा नेता डॉ विवेक मिश्रा का शाल श्रीफल और पुष्प माला पहनाकर सम्मान किया भाजपा नेता डॉ विवेक मिश्रा ने वृक्षारोपण में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा आओ हम सब मिलकर पौधे लगाएं अपनी पृथ्वी को हरा भरा करें जिससे आने वाले समय में हम सभी को स्वच्छ वातावरण मिले आप सभी कार्यकर्ताओं को अपने नगर

और वार्ड में एक-एक पौधा लगाएं जिससे पृथ्वी हरी भरी रहे इसके पश्चात भाजपा नेता डॉ विवेक मिश्रा ने दतिया विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों में हुई गमियों में शामिल होकर शोक संवेदना व्यक्त की इस मौके पर भाजपा जिला मंत्री अतुल भूरे चौधरी जिला पंचायत अध्यक्ष धीरू दांगी नगर पालिका अध्यक्ष प्रशांत डेगुला नगर पालिका उपाध्यक्ष योगेश सक्सैना नगर मंडल अध्यक्ष पंकज गुप्ता ग्रामीण अध्यक्ष रघुवीर कुशवाह युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह पार्षद गोविंद ज्ञानानी श्रीमती मीनाक्षी कटारे दीपक सोनी राकेश साहू गौरव दांगी सनत पुजारी अंकित शर्मा राहुल पुरोहित कैलाश पाल कौशल यादव मुलु उपाध्याय पार्षद मान सिंह कुशवाह पार्षद कल्लू कुशवाहा पार्षद सरवन कुशवाहा शादाब खान शाहरुख खान आकाश भार्गव नीतू यादव रोहित शर्मा रणजीत राजा रोहित श्रीवास्तव सोनू श्रीवास्तव विपिन शर्मा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे

ब्यूटीफुल मॉल के स्टॉफ का किया निशुल्क मेडिकल जांच

पुष्पांजली टुडे

मुम्बई- खारघर स्थित ब्यूटीफुल मॉल के स्टॉफ के लिए निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया । जिसमें करीब 110 स्टॉफ का मेडीकल हेल्थ चेकअप किया गया। जिसमें ई.सी.जी.सोनोग्राफी ,एक्स-रे रक्त ब्लड ग्रुप सहित अनेक प्रकार के जांच किए गए। इस शिविर में मेडीसीटी अस्पताल के डॉक्टर्स द्वारा सम्पूर्ण जांच हुई।ब्यूटीफुल के प्रमुख प्रमोद एन.चौधरी ने डॉक्टर्स और मेडिसिटी के सभी कर्मचारीयों को धन्यवाद देकर आभार व्यक्त किया ।

ट्रक ने स्कूटर को टक्कर मारी, पिता की मौत, बेटी की हालत गंभीर

भोपाल। गोविंदपुरा थाना इलाके में तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटर सवार पिता-पुत्री को टक्कर मार दी। शुक्रवार देर रात हुए इस हादसे में पिता की मौत हो गई, जबकि बेटी की हालत गंभीर बनी हुई है। गोविंदपुरा थाना पुलिस के मुताबिक 52 वर्षीय राजीव गांधी मिसरोद क्षेत्र स्थित श्रीराम कालोनी में पत्नी सोनिया गांधी एवं 20 वर्षीय बेटी आशिका गांधी के साथ रहते थे। वह एक निजी बैंक में वसूली अधिकारी के पद पर पदस्थ थे। शुक्रवार रात को वह बेटी के साथ स्कूटर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर किसी व्यक्ति से मिलने आए थे। जिस व्यक्ति से राजीव का मिलना था, उसकी ट्रेन लेट हो गई थी। जिसके चलते पिता-पुत्री रात करीब 11-30 बजे चाय पीने के लिए स्कूटर से आइएसबीटी की तरफ चल दिए। उन्होंने हकीम होटल के सामने से आइएसबीटी की तरफ स्कूटर मोड़ी थी, तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने उनकी स्कूटर में टक्कर मार दी। हादसे में पिता-पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए नर्मदा ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया।

जातिगत वैमनष्यता समाप्त कर शराब के खिलाफ एक जुट हो समाज-संजीव नायक

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

लहार- लहार विधानसभा के मोरखी पंचायत के मजरा ग्राम बैजला में ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ चौपाल में बोलते हुए संजीव नायक एडवोकेट ने कहा कि शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओ की जानकारी जागरूक होकर ग्रामीणों को पंचायत सचिव पटवारी आदि से लेनी चाहिए, सरकार द्वारा हर वर्ग गरीब किसान मजदूरों के हित में योजनाए संचालित कर रही है चौपाल में प्रधानमंत्री आवास , किसान कल्याण ,किसान सम्मान निधि,संबल योजना,मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की विस्तार से जानकारी दी गई चौपाल में सामाजिक समरसता को लेकर तथा गाँव में अवैध शराब न बिकने तथा न पीने का संकल्प लिया गया समाजसेवी संजीव नायक एडवोकेट ने चौपाल में बोलते हुए कहा कि समय आ गया है कि हमे जातिगत भेद भुलाकर समाज के सभी वर्गों को जोड़कर शराब के खिलाफ जन जागरूकता की मुहिम छेड़नी होगी उन्होंने कहा कि गाँव की छोटी छोटी समस्याओ को आपस में मिलकर निपटाना होगा व् सार्वजानिक मुद्दों को लेकर मुखर होना होगा समाजसेवी संत ने कहा कि संत बृंदावन दास ने कहा कि हमारे गांव में पहली बार ऐसी चौपाल लगी है जिसमे सभी वर्गों के हित की बात कही गई है पूरा गांव अब एक जुट है एवं सार्वजानिक प्रयास से गाँव की छोटी छोटी समस्याओ का निदान करेंगे समाज सेवी रंजीत वघेल ने चौपाल में बताया कि समग्र समाज एकजुट होकर शराब के खिलाफ मुहिम प्रारम्भ करे उन्होंने कहा कि जातिगत भेदभाव समाप्त कर सभी युवाओ को साथ आना होगा कार्यक्रम को डॉक्टर भूपेंद्र सिंह ने सम्बोधित कर गाँव की समस्याओ का जिक्र किया व् सभी को एक साथ एकजुट रहने की बात कही चौपाल में संचालन रामकुमार वघेल ने किया चौपाल में मौके पर ग्राम सुधार समिति बनाई गई

जिसमे संत श्री बृंदावन दास डॉक्टर भूपेंद्र सिंह रामकुमार वघेल शिवकुमार वघेल छोटू वघेल राकेश वघेल इटाई: बैजू सिंह , रामेश्वर वघेल कल्लू सिंह नाथू सिंह रामकिशुन वघेल पूरन सिंह कमल सिंह प्रयाग सिंह देव सिंह वघेल गंगा राम वघेल मुन्ना वघेल प्रमोद सिंह दयाशंकर वघेल प्रेम सिंह वघेल प्रदीप सिंह बुधु सिंह पान सिंह हरदयाल वघेल रामप्रकाश वघेल कैलाश प्रजापति आदि लोग उपस्थित थे।

ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में अल्पविराम कार्यक्रम संपन्न

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- राज्य आनंद संस्थान की जिला इकाई शिवपुरी के मास्टर ट्रेनर प्रेम प्रकाश सिरोलिया द्वारा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण प्राप्त कर रही 25 महिलाओं के समूह के साथ अल्पविराम कार्यक्रम आज सोमवार को झांसी रोड स्थित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में संपन्न किया गया। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में जिले के ग्रामीण अंचलों की महिलाओं को स्वरोजगार प्राप्त करने हेतु निरंतर प्रशिक्षण दिया जाता है। यह प्रशिक्षण पूर्णतः आवासीय एवं निशुल्क होता है। प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक श्री संजय जैन की सहमति तथा फैकल्टी श्री धीरज राय के सहयोग से 17 से 23 अगस्त तक चलने वाले महिला प्रशिक्षण समूह को अल्पविराम कराया गया। राज्य आनंद संस्थान के संक्षिप्त परिचय के पश्चात प्रेम प्रकाश सिरोलिया ने झगड़े क्यों होते हैं विषय पर चर्चा की। निष्कर्ष में बताया गया कि यदि हम अल्पविराम करते हुए सामने वाले व्यक्ति की भावना एवं परिस्थिति समझते हुए अपनी बात रखें तो आपसी झगड़ों में काफी हद तक कमी आ सकेगी। इसके पश्चात आपसी रिश्तो में कड़वाहट विषय पर चर्चा की गई। इसमें यह बात निकलकर आई कि हम अपने करीबियों से क्षमा मांग कर तथा क्षमा करके आपसी रिश्तो में आई दरारों को भर सकते हैं। ताली बजाने वाली गतिविधि करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

पद्मश्री डॉ.शाह द्वारा डॉ. सुभाष कुमार शर्मा को किया गया सम्मानित।

भिण्ड।जिले के होनहार युवाओं के प्रेरणा देने वाले डॉ. सुभाष शर्मा (यूथ मेंटर और एंटरप्रेन्योर) को पद्मश्री डॉ. विजयकुमार शाह द्वारा गांधीवादी दर्शन, समाज, मानवता, शांति और युवा शिक्षा और सशक्तिकरण में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने राष्ट्रीय तिरंगा बैंड पहनाकर प्रशस्ति पत्र प्रस्तुत किया और राष्ट्र और युवा परिवर्तन के प्रति प्रतिबद्धता के लिए डॉ शर्मा की सराहना की। डॉ. शर्मा ने भी प्रतिष्ठित पद्मश्री डॉ. शाह को सदाचार, सद्भावना और सम्मान के एक संकेत के रूप में शॉल पहनाई और अपनी नई पुस्तक, ÷हाउ यूथ कैन विन नाउ÷, भी भेंट की। डॉ शर्मा ने पद्म श्री डॉ. शाह का उन्हें तथा लाखों लोगों व युवाओं को प्रेरित करने के लिए उनकी सराहना की और हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने अमृत काल के भविष्य के एजेंडे और समाज व युवाओं के उत्थान के लिए आगे होने वालीं गतिविधियों के बारे में भी चर्चा की। बैठक के दौरान गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) कार्यकर्ता और प्रसिद्ध प्रशिक्षक श्री सुरेश सकाटे भी उपस्थित थे। कुल मिलाकर, एक साकारात्मक और बहुत ही उपयोगी बैठक रही। आपको बता दें कि डॉ. विजयकुमार शाह एक स्वतंत्रता सेनानी परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनके दादा जी ने गांधी जी के साथ स्वतन्त्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई और उनके पिताजी भी एक स्वतन्त्रता सेनानी थे। उनके पैतृक निवास पर विनोबा भावे जैसे महान व्यक्तित्व सभा, मिलन किया करते थे। डॉ. शाह ने नेहरू जी से भी मिलकर देश सेवा की शिक्षा व प्रेरणा ली थी। ऐसे महान व्यक्तित्व द्वारा सम्मानित किया जाना न केवल डॉ. सुभाष शर्मा जी के लिए गौरव की बात है बल्कि हमारे क्षेत्र और प्रदेश को भी गौरवान्वित कर, सिर ऊंचा करती है।

पिछोर में पीतम सिंह लोधी के पक्ष में उतरा ओबीसी महासभा और भीम आर्मी का जनसैलाब

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी खबर शिवपुरी जिले के पिछोर तहसील उसे है जहां आज ओबीसी महासभा और भीम आर्मी के लोगों ने पिछले कई दिनों से निशाना बने आ रहे पीतम सिंह लोधी के सपोर्ट में आंदोलन किया इस आंदोलन में ओबीसी महासभा और भीम आर्मी के लोगों ने भाग लिया और पिछले कई दिनों से चले आ रहे प्रीतम सिंह लोधी का विरोध करने वाले लोगों के मुंह पर जोरदार तमाचा मार दिया आज हुए इस आंदोलन में प्रदेश में हो रही घटनाओं को लेकर चर्चा की गई और उन सभी घटनाओं पर कार्रवाई के लिए लिखित रूप में आवेदन दिया गया और जल्द से जल्द सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने के लिए भीम आर्मी और ओबीसी महासभा के लोगों ने आवाज उठाई जानकारी के लिए बता दें कि कुछ दिन पहले मध्यप्रदेश के सागर जिला अन्तर्गत दंडा में लोधी समाज की नाबालिक 11 बेटी के साथ अरुण मिश्रा नामक व्यक्ति ने बलात्कार किया है जिसके खिलाफ अन्य क मिश्रा के मकान पर बुल्डोर चला कर नष्ट किया जाये तथा उक्त प्रकारको स्टे कोर्ट में चलाकर फाँसी की सजा दिलाई जाने के लिए ओबीसी महासभा और भीम आर्मी के एकत्रित हुए जनसैलाब ने मांग की साथ ही शिवपुरी जिला के खनियाधाना तहसील अन्तर्गत आने वाले शासकीय हाईस्कूल में शिक्षक राजेश पाठक निवासी पिछोर द्वारा नाबालिक छात्रा के साथ पुष्तकालय में बलात्कार करने का प्रयास किया गया है जिसके खिलाफ भी प्रकरण की तरह शीघ्र आरोपी के मकान को गिराकर तथा पद से निलंबित कराया जाए और राजेश पाठक शिक्षक को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाये तथा पीडित छात्रा के परिवार सुरक्षा मुईया कराई जाये। जिससे पीडित परिवार को कोई अनावश्यक परेशान न कर

जिला छतरपुर में स्थित वागेश्वर धाम के महान्त धीरेन्द्र शास्त्री द्वारा व्यास पीठ से के दौरान अभद्र भाषा अमानवीय भाषा का उपयोग करते हुये व्यक्ति विशेष की भावनाओ के ठेश पहुचाया है और मेरे सामने उक्त व्यक्ति आ जाये तो उसको मसलके रख दूंगा ऐसी टिपिडिया/ भाषा किसी वेद पुराण भागताओं में नहीं लिखा है। फिर भी पीठ से उक्त अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया है। जिससे इन सभी हिन्दू भाईयो कि भावना को आहत हुई है।

एंटी माफिया अभियान की कार्रवाई में तेजी लाएँ : कलेक्टर श्री सिंह

अंतरविभागीय समन्वय बैठक में सभी एसडीएम को दिए निर्देश

ग्वालियर। एंटी माफिया अभियान की कार्रवाई फिर से तेज करें। विशेष मुहिम चलाकर भू-माफियाओं, चिटफंडियों, मिलावटखोरों एवं खनन व शराब माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। कार्रवाई ऐसी हो, जिससे अवैध धंधों पर प्रभावी अंकुश लगे और समाज में सकारात्मक संदेश जाए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने अंतरविभागीय समन्वय बैठक में जिले के सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को दिए।

सोमवार को यहाँ कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि अवैध कारोबार में लिप्त असमाजिक तत्वों की अवैध परिसम्पत्ति जब्त करने के साथ-साथ उनके खिलाफ पुलिस में एफआईआर भी दर्ज की जाए।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी, अपर जिला दण्डाधिकारी श्री इच्छित गढ़पाले व श्री एच बी शर्मा सहित जिले के सभी एसडीएम एवं संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

गाँवों की सेवाओं एवं अधोसंरचना को सुदृढ़ करने पर जोर

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने अंतरविभागीय समन्वय बैठक में जिले के सभी एसडीएम व जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए कि विशेष कार्ययोजना बनाकर गाँवों में उपलब्ध कराई जा रही सरकारी सेवाओं और अधोसंरचना को सुदृढ़ करें। उन्होंने निर्देश दिए कि गाँव की सड़कों पर घूरे डलने से रोकें, गलियों की नियमित साफ-सफाई हो और पानी निकासी की बेहतर व्यवस्था कराएँ। साथ ही पंचायत भवन में पंचायत सचिव और पटवारी अपना कार्यालय बनाकर नियमित रूप से बैठें, जिससे ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निदान हो सके। साथ ही आंगनबाड़ी, स्कूल, अस्पताल व पशु चिकित्सा केन्द्र सहित गाँवों में स्थित सभी शासकीय संस्थाओं के भवन सुव्यवस्थित व साफ-सुथरे रखे जाएँ। गाँवों की व्यवस्थाओं को बेहतर करने के लिये उन्होंने हर ग्राम पंचायत के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने की हिदायत भी दी।

राज्य स्तरीय रोजगार मेला की तैयारियों की समीक्षा भी हुई

ग्वालियर में प्रस्तावित राज्य स्तरीय रोजगार मेले की तैयारियों की समीक्षा भी बैठक में की गई। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी ने प्रधानमंत्री स्व-निधि, उद्यम क्रांति योजना, शहरी एवं ग्रामीण आजीविका मिशन तथा अन्य विभागों की स्वरोजगारमूलक योजनाओं के तहत जल्द से जल्द संबंधित बैंकों से स्वरोजगार के प्रकरण स्वीकृत कराकर वितरण की तैयारी करने को कहा। साथ ही जिला रोजगार अधिकारी को निर्देश दिए कि विभिन्न कंपनियों के माध्यम से आवश्यक कार्रवाई पूर्ण कर शिक्षित बेरोजगारों को ऑफर लेटर व नियुक्ति पत्र दिलाने की तैयारी करें।

बाढ़ से निपटने के लिए सभी एहतियाती उपाय करें

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने जिले के सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि पिछले दिनों से प्रदेश में जारी अतिवृष्टि को ध्यान में रखकर संभावित बाढ़ से निपटने के लिये सभी एहतियाती उपाय करें। बाढ़ से निपटने की ऐसी तैयारी हो, जिससे जरूरत पड़ने पर जरूरतमंदों तक तत्काल सहायता पहुँच सके। उन्होंने कहा लाईफ जैकेट, रस्सा, नाव इत्यादि के इंतजाम सहित गोताखोरों को पहले से ही सतर्क करके रखें। साथ ही जल भराव की स्थिति बनने पर लोगों के अस्थायी निवास के लिए सुरक्षित स्थान चिन्हित कर वहाँ सभी व्यवस्थाएँ पुख्ता कर लें।

बैठक में सभी एसडीएम को यह भी निर्देश दिए गए कि वे सीएम राईज स्कूल के किसी भी शिक्षक की ड्यूटी बीएलओ सहित अन्य गैर शिक्षकीय कार्य में न लगाई जाए।

ई-ऑफिस प्रणाली सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर हुई चर्चा

बैठक में सभी एसडीएम को निर्देश दिए गए कि वे अपने अधीनस्थ तहसील कार्यालयों में जल्द से जल्द ई-ऑफिस प्रणाली लागू कराएँ, इसमें किसी भी तरह की ढ़िलाई बर्दाश्त नहीं होगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए गए कि शेष पात्र परिवारों के अभियान बतौर आयुष्मान कार्ड बनाए जाएँ।

कार्यालय प्रमुख अपने सभी अधीनस्थों के आधार कार्ड इंफिक से लिंक कराएँ

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री एच बी शर्मा ने विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के पालन में स्वयं एवं अपने कार्यालय के सभी अधीनस्थों के आधारकार्ड मतदाता पहचान पत्र से लिंक कराएँ। उन्होंने अगले हफ्ते होने वाली अंतरविभागीय समन्वय बैठक में इसकी रिपोर्ट माँगी है।

शासकीय धनराशि का दुरूपयोग भारी पड़ा, तीन पूर्व सरपंच जायेंगे जेल

जिला पंचायत सीईओ श्री तिवारी ने जारी किए वारंट

ग्वालियर। शासकीय धनराशि निकालकर उसका निर्माण कार्य पूर्ण कराने में उपयोग न करने अर्थात शासकीय धन का दुरूपयोग करने वाले पूर्व सरपंचों को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। इस कड़ी में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं विहित प्राधिकारी श्री आशीष तिवारी ने पंचायत राज अधिनियम की धारा-92 के तहत तीन ग्राम पंचायतों के पूर्व सरपंचों को जेल भेजने के लिये अलग-अलग वारंट जारी किए हैं।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी ने अलग-अलग आदेश जारी कर जिले की जनपद पंचायत डबरा ग्राम पंचायत झाड़ौली की पूर्व सरपंच श्रीमती मीरा जाटव द्वारा सर्वशिक्षा अभियान अंतर्गत स्वीकृत एक शासकीय माध्यमिक विद्यालय झाडौली अतिरिक्त कक्ष, शासकीय माध्यमिक विद्यालय झाडौली प्रधान अध्यापक कक्ष की कुल राशि एक लाख 98 हजार 600 रूपए कार्य से अधिक आहरण कर निर्माण कार्य पूर्ण न करते हुए अनाधिकृत रूप से अपने पास रखकर शासकीय रकम एक लाख 98 हजार 600 का प्रभक्षण किया है।

जनपद पंचायत भितरवार ग्राम पंचायत दुबहाटांका की पूर्व सरपंच श्रीमती पुष्पा देवी रावत द्वारा आंगनबाड़ी भवन रावत मोहल्ला दुबहाटांका, आंगनबाड़ी भवन अनुसूचित जाति बस्ती की राशि 6 लाख 39 हजार 261 रूपए की राशि आहरण कर गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्य न करते हुए शासकीय धनराशि का दुरूपयोग कर गंभीर वित्तीय अनियमितता की गई है। आहरण राशि 6 लाख 39 हजार 261 में हिस्सा ड्रु राशि 3 लाख 19 हजार 631 रूपए एवं सर्वशिक्षा अभियान अंतर्गत स्वीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय, अतिरिक्त कक्ष की राशि आहरण कर निर्माण कार्य पूर्ण न करने के कारण राशि 3 लाख 65 हजार 800 रूपए में हिस्सा ड्रु राशि एक लाख 18 हजार 900 कुल राशि 502531 श्रीमती पुष्पा देवी रावत पूर्व सरपंच द्वारा शासकीय कोष में जमा न करते हुए शासकीय धनराशि का दुरूपयोग कर प्रभक्षण किया है।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत जग्गपुरा की पूर्व सरपंच श्रीमती शीला बाई गुर्जर द्वारा सर्वशिक्षा अभियान अंतर्गत स्वीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय भवन जग्गपुरा एवं अन्य निर्माण कार्यों की राशि 4 लाख 96 हजार 766 आहरण कर निर्माण कार्य पूर्ण नहीं कराया। जिसमें हिस्सा ड्रु राशि 2 लाख 48 हजार 33 शासकीय कोष में जमा नहीं कराई गई। इस प्रकार पूर्व सरपंच द्वारा कुल राशि 2 लाख 48 हजार 383 का प्रभक्षण किया है।

इन सभी पूर्व सरपंचों के विरूद्ध मध्यप्रदेश पंचायतीराज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 92 के अंतर्गत वसूली का प्रकरण पंजीबद्ध कर उक्त राशि चुकाने हेतु युक्तियुक्त समय दिया गया। किंतु उन्होंने रकम नहीं चुकाई। प्रकरण में अधिनियम की धारा 89 अंतर्गत प्राप्त जांच प्रतिवेदन अनुसार दोषी साबित होने के कारण विचार उपरांत अंतिम आदेश पारित कर 15 दिवस में रकम शासकीय कोष में जमा करने के लिए आदेशित किया गया था, किंतु पूर्व सरपंचों द्वारा राशि जमा नहीं कराई गई।

इसके बाद विहित प्राधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ग्वालियर न्यायालय ने मध्यप्रदेश पंचायतीराज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 92 की उप धारा 2 के अधीन इन तीनों पूर्व सरपंचों को जेल में सुपुर्द करने के अलग-अलग वारंट जारी कर दिए हैं।

महापौर डॉ. सिकरवार ने की कक्का डोंगर सिंह को पुष्पांजलि अर्पित

ग्वालियर। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. कक्का डोंगर सिंह की पुण्य तिथि पर आज महापौर डॉ. शोभा सतीश सिकरवार उनके निवास पर पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की। उनके साथ एमआईसी श्रीमती आशा सुरेन्द्र चैहान सहित अन्य नागरिकगण उपस्थित रहे। स्व. कक्का डोंगर सिंह की पुण्य तिथि पर पुष्पाजलि अर्पित करते हुए महापौर डॉ. सिकरवार ने कहा कि कक्का डोंगर सिंह हमेशा शहर विकास के लिए चिंतित रहते थे और उन्होंने हमेशा अपना जीवन दूसरों की सेवा के लिए ही समर्पित किया।

आदर्श गौशाला लाल टिपारा मुरार में गौ सेवक ने गो-पूजन,भोग लगाकर मनाया अपना जन्मदिन

सभी समस्याओं का हल भारतीय संस्कृति व गौ सेवा में निहित है - स्वामी ऋषभदेवानन्द महाराज

ग्वालियर। सेवक सौरभ तोमर ने गौ माता का पूजन व भोग लगाकर मनाया अपना जन्मदिन। जन्म दिवस कार्यक्रम में गरिमामय उपस्थिति स्वामी ऋषभदेवानन्दजी महाराज की रही । स्वामी जी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि भारतवर्ष की संस्कृति भगवान को भोग लगाकर फिर अर्पण करना इस प्रकार की भारतवर्ष की संस्कृति रही है भारत में भगवान के जन्म दिवसों को बहुत ही हर्ष उल्लास धूमधाम से मनाया जाता है चाहे वह रामनवमी हो या जन्माष्टमी हो और भगवान के जन्मदिन में ही स्वयं के जन्मदिन भी प्रायः लोग मना लिया करते थे आज जो वर्तमान युग में हम जो अपने जन्मदिन मना रहे हैं उस जन्मदिन में जो हर्ष होना चाहिए जो संस्कृतिमय हर्ष होना चाहिए आज उस हर्ष में पतन हो गया है आज जो नई संस्कृति का उदय लोगों द्वारा किया जा रहा है वह हर्ष आज शोक में बदलता जा रहा है लोग अपना जन्मदिन अपने घर में न मना करके किसी मंदिर, धाम, तीर्थ, में न मना करके आज लोग अपना धन होटलों में व्यय कर रहे हैं और प्रभु के नाम का न दीपक जला करके अपने कुल के नाम की मोमबत्ती जला करके उसको फूंक रहे हैं बुझा रहे हैं यह कुल हमारा नष्ट हो फिर तालियां पीटते हैं बजाते हैं ,यह कैसी संस्कृति का उदय हो रहा है आज उसी युग में यह जो प्रचलन चल रहा है उसके ठीक विपरीत एक ऐसा स्थान भी है ग्वालियर में आदर्श गौशाला जहां संतों की प्रेरणा से लोग अपना जन्मदिन गौधाम में आकर मनाते हैं वह दीपक जलाते हैं गाय को हरा चारा खिलाते हैं और इस भाव से खिलाते हैं यह जो गऊ भोग वह प्रभु के निमित्त है और प्रभु तक पहुंच रहा है क्योंकि गाय माता में सारे देवी देवताओं का वास होता है तो सभी देवी देवताओं को भोग स्वतः ही लग जाता है यहां सात्विक सह भोज अपने मित्र परिवार जनों सगे संबंधियों के साथ जन्मदिन कार्यक्रम को संपन्न करने के साथ लोगों को गौशाला व भारतीय संस्कृति से परिचय कराने का उद्देश्य भी रहता है और जो जन जन होटलों में धन का अपव्यय कर रहे हैं जो मस्तिष्क की विकृति हो रही है वह विकृति नहीं गौमाता को भोग लगा कर इनके घर परिवार समाज में भी समृद्धि आए इस भाव को लेकर विगत 6 वर्षों से इस क्रम को अनवरत संतों के आशीर्वाद से चलाया जा रहा है मगर आज भी सवेदना सजगता आमजन के मन में जो होनी चाहिए उसका अभाव दिख रहा है।

संक्षिप्त समाचार

सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भड़काऊ पोस्ट डालने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री सिंह द्वारा धारा-144 के तहत आदेश जारी

ग्वालियर। फेसबुक, वॉट्सएप व ट्विटर इत्यादि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर किसी भी वर्ग, जाति, धर्म एवं संप्रदाय की भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाली पोस्ट लिखना, शेयर करना अथवा फारवर्ड करना जिले में पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के तहत इस आशय का प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। साथ ही पुलिस अधीक्षक से इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के लिये कहा है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि भड़काऊ पोस्ट डालने वालों के खिलाफ सख्त दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। जिला दण्डाधिकारी श्री सिंह ने आदेश में स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की पोस्ट सोशल मीडिया पर अपलोड, शेयर या फारवर्ड किए जाने पर संबंधित व्यक्ति प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से दण्ड के भागीदारी होंगे। साथ ही संबंधित सोशल मीडिया प्लेटफार्म के एडमिन भी अप्रत्यक्ष रूप से उत्तरदायी होकर अलग-अलग एवं संयुक्त रूप से दण्ड के भागीदार होंगे। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि ऐसा देखने में आ रहा है कि जिले में फेसबुक, वॉट्सएप व ट्विटर इत्यादि के माध्यम से सामाजिक, धार्मिक, जाति व कतिपय अन्य मामलों में भड़काऊ पोस्ट लिखी या शेयर या फारवर्ड की जा रही हैं। इस प्रकार की भ्रामक जानकारी व भड़काऊ पोस्ट से अनावश्यक विवाद, आंदोलन, चक्काजाम व आगजनी सहित अन्य प्रकार की घटनाएँ प्रकाश में आती हैं। साथ ही कानून व्यवस्था भी प्रभावित होती है। इस बात को ध्यान में रखकर दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

नलकूप खनन से प्रतिबंध हटा

ग्वालियर। जिले में निजी नलकूपों के खनन पर लगाया गया प्रतिबंध हटा लिया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने इस आशय का आदेश जारी किया है। ग्रीष्मकाल में पेयजल संकट की संभावना को ध्यान में रखकर ग्वालियर जिले की सभी तहसीलों के अंतर्गत मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम के तहत नवीन निजी नलकूपों के खनन पर प्रतिबंध लगाया गया है।

बाल पर्यावरण संसद में 2000 बच्चों ने लिया वृक्षों की सुरक्षा का प्रण, रौपे पौधे

ग्वालियर। ग्वालियर में बाल पर्यावरण संसद के दो हजार से ज्यादा नौनिहालों ने प्रकृति पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। हजारों की संख्या में स्कूली बच्चों ने जंगलों पहाड़ों और मैदानी इलाकों में लगे वृक्षों की सुरक्षा का प्रण लिया, इसके साथ ही बच्चों ने भू माफिया द्वारा काटी गई पहाड़ी पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया और मानव श्रंखला बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। नगर निगम ग्वालियर के सहयोग से ग्वालियर के बहोड़ापुर क्षेत्र में शिवनगर के पास की पहाड़ी पर बाल पर्यावरण संसद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, एसएसपी श्री अमित सांघी, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल एवं अपर परिवहन आयुक्त श्री अरविंद सक्सेना सहित बडी संख्या में पदाधिकारी एवं सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता व स्कूली बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान करीब 2000 बच्चों के हाथ में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा था और वे पहाड़ी की रक्षा का संकल्प लेते हुए नजर आ रहे थे। पहाड़ी को हरा भरा बनाने के लिए बच्चे वृक्षारोपण अभियान के भी सहभागी बने। इतना ही नहीं बच्चों ने प्रकृति पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चैहान के नाम पत्र कलेक्टर को सौंपा गया। बच्चों द्वारा पर्यावरण की रक्षा गुहार के बाद कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मंच से ही अवैध उत्खनन करने वाले भू माफिया के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश दे दिए। वहीं निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल ने बच्चों के पर्यावरण के प्रति जागरूकता मिशन को सतत चलाने की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि ग्वालियर का पीएम 10 पर्यावरण का स्तर 30 प्रतिशत कम हुआ है, इसकी वजह से इस साल ग्वालियर को 25 प्रतिशत जो ग्रान्ट रह गई थी, वह अब 75 प्रतिशत हो जाएगी और इस बार ग्वालियर को पर्यावरण सुधार के लिए करीब 22 करोड़ 50 लाख रुपए ज्यादा मिलेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी श्री आईए जैदी ने कहा कि दरअसल ग्वालियर के बहोड़ापुर इलाके में पहाड़ी क्षेत्र में अवैध उत्खनन के चलते भू माफिया ने हरे भरे पहाड़ों को काटकर हजारों पेड़ों को खत्म करते जा रहे हैं, पहाड़ों के इस अवैध उत्खनन के खिलाफ बाल पर्यावरण संसद के नौनिहालों ने आवाज बुलंद की है, शिवनगर पहाड़ी की तलहटी में एक हजार पौधों का पौधारोपण किया गया, इसके साथ जिस पहाड़ी को भू माफिया ने काट कर मैदान बना दिया था। हालांकि इससे पहले पहाड़ी पर हरे भरे वृक्ष नजर आते थे।

महापौर डॉ. सिकरवार ने किया जलालपुर स्थित जल सोधन सयंत्र का निरीक्षण

ग्वालियर। जलालपुर स्थित जल सोधन सयंत्र परिसर में अति वर्षा के कारण पानी भरने को लेकर आज महापौर डॉ. शोभा सतीश सिकरवार ने जल सोधन सयंत्र का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृति पुनः न हो। इसका संबंधित अधिकारी ध्यान रखें और पर्याप्त इंतजाम पूर्ण करें। इसके साथ ही घटना की जांच कराकर जो भी अधिकारी दोषी हैं उनके खिलाफ कार्यवाही करें। जल सोधन सयंत्र परिसर में निरीक्षण के दौरान महापौर डॉ. सिकरवार ने पूरे प्लांट का निरीक्षण किया तथा किस प्रकार जल प्रदाय किया जाता है उसकी क्रियाविधि को समझा और किस समय किस क्षेत्र में जल का प्रदाय किया जाता है। उसकी जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवशयक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर महापौर डॉ. सिकरवार एवं अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा जल सोधन सयंत्र परिसर में पौधारोपण किया गया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478